दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 31 दिसंबर-2024 | ● वर्ष : 10 अंक : 12 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समरकूल चैयरमैन संजीव गुप्ता ने अपनी जीवन साथी रश्मि गुप्ता के जन्मदिन पर उन्हें अपनी लाइफ लाइन कहा। शब्दों के जरिए अपने जज्बात को रखा। एक पति के रूप में संजीव गुप्ता ने अपनी पत्नी रश्मि गुप्ता के जन्मदिन पर उनके लिए जीवन की हर खुशी की कामना की।

Happy Birthday




# निगम में हुई पार्षदों की विकास कार्यों का बजट बढ़ाने वाली बैठक

## पार्षदों ने रखे कई सारे विषय, नगर आयुक्त ने वार्तालाप कर मामला संभाला

### महापौर सुनीता दयाल रहीं बैठक से दूर और कई सीनियर पार्षद भी नहीं पहुंचे सदन





गाजियाबाद, करंट क्राइम : सोमवार को नगर निगम के मुख्यालय में सुबह से ही पार्षदों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। कुछ पार्षद पहले पहुंचे, तो कुछ बाद में पहुंचे और फिर पार्षद आपस में मंत्रणा कर रहे थे और एकत्रित हो रहे थे। इसी बीच नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक नगर निगम मुख्यालय पहुंचे और पार्षदों के साथ बैठक करने और बातचीत को लेकर वह उन्हें नीचे सदन में ले गए। जहां नगर निगम के पार्षदों ने नाराजगी जाहिर की। उनका साधा आरोप था कि वार्डों में विकास कार्य ठीक से नहीं हो रहे हैं। सफाई व्यवस्था का हाल भी ठीक नहीं है। तो वहीं नगर निगम के अधिकारी पार्षदों की बात नहीं सुनते हैं। एक अधिकारी पर फोन नहीं उठाने के गंभीर आरोप लगे, तो वहीं पार्षदों ने एक सुर में कहा है कि जो एक करोड़ रुपए का बजट था, वह 50 लाख रुपए ही कर दिया गया है। इस दौरान नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने पार्षदों को व्यक्तिगत रूप से समझाया और उनसे बातचीत की। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी का मकसद एक है कि शहर का विकास हो और नगर निगम की आय बढे ताकि हम अधिक विकास कार्य करवा सकें। नगर निगम के सभागार में लगभग 45 पार्षद थे, जिसमें भाजपा से लेकर अन्य दल वाले पार्षद भी मौजूद थे लेकिन भाजपा के कई सीनियर पार्षद इस दौरान नजर नहीं आए। तो वहीं कई पार्षद बैठक के दौरान मौन भी देखे गए हैं।

#### पार्षदों ने उठाया ठीक प्रकार से कर निर्धारण ना होने का मामला

करंट क्राइम : पार्षद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से बातचीत कर रहे थे, तो इस दौरान राजनगर से पार्षद प्रवीण चौधरी ने कहा कि कर निर्धारण ठीक प्रकार से नहीं हो रहा है। तो इस पर कई अन्य पार्षदों ने भी समर्थन दिया है। वहीं चिरंजीव विहार से पार्षद मनोज त्यागी ने भी इस विषय को गंभीरता के साथ उठाया। साथ ही टैक्स कलेक्शन के विषय को भी रखा।

#### नगर निगम जुटा चुका है अब तक 220 करोड़ रुपए से ज्यादा का टैक्स

करंट क्राइम : सोमवार को नगर निगम के सभागार में लगभग तीन दर्जन से अधिक पार्षद मौजूद थे। पार्षदों की नाराजगी थी कि उनके क्षेत्र में विकास कार्य नहीं हो रहा है। साथ ही जो रकम देने की बातें तय की गई थीं वह भी अभी पूरी नहीं की गई हैं। इस पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जानकारी दी की हम टैक्स की वसूली में पीछे हैं, यहां टैक्स कलेक्शन के अधिक मध्यम भी नहीं हैं। फिर भी उन्होंने कहा है कि अभी तक नगर निगम 220 करोड़ रुपए से अधिक का टैक्स जमा कर चुका है जबकि उन्होंने इस बात की भी अपनी तरफ से पहल करते हुए जानकारी दी है कि उनका लक्ष्य रहेगा कि वर्ष 2025-26 के फाइनेंशियल ईयर में टैक्स के कलेक्शन के आंकड़े को वह 400 करोड़ के आसपास ले जाएं।



#### आई जानकारी सामने इंडस्ट्रियल एरिया से अब निगम नहीं वसूलेगा टैक्स

करंट क्राइम : सोमवार को पार्षदों ने अपने बजट और अन्य समस्याओं को लेकर नगर निगम सभागार में बैठक की, वहां सब पार्षद पहले निगम में एकत्रित हुए और फिर जब अधिकारी उन्हें सदन में ले गए तो वहां उन्होंने अपनी बातचीत और अपने विषय रखें। इस दौरान नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जानकारी दी है कि बीते दिनों शासन स्तर से इंडस्ट्रियल एरिया गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र का टैक्स वसूलने का अधिकार समाप्त कर दिया गया है। हालांकि अधिकारियों का यह भी कहना है कि अभी सीवर और पानी की व्यवस्था नगर निगम की देख रहा है लेकिन फिर भी टेक्स नहीं वसूल पाएंगे। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा है कि हमें अपने आय के स्रोत बढ़ाने होंगे। टैक्स की अधिक वसूली नहीं होगी, तो विकास कार्यों के लिए भी परेशानी आएगी।

#### निगम की 1700 दुकानों का विषय भी आया सामने

करंट क्राइम : पार्षद सदन में मौजूद थे ,तो उनकी मांग थी कि बजट बढ़ाया जाए। पैसे मिले तो विकास कार्य हो । साथ ही कुछ पार्षदों ने कहा है कि उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है। उनके इलाके में कम विकास कार्य कराए जा रहे हैं। साथ ही छोटे-छोटे काम बिना अधिकारियों के हस्ताक्षर के हो नहीं पाते हैं। जिससे असुविधा होती है, वह क्षेत्र के नुमाइंदे हैं, जनता उनसे सवाल पूछ रही है। इस दौरान नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया है कि गाजियाबाद नगर निगम को 1700 दुकानों से लगभग 76 लाख रुपये के आसपास ही टैक्स प्राप्ति होती है, जबकि अगर बीते दिनों टैक्स बढ़ाया जाता तो यह प्राप्ति अधिक हो सकती थी।

#### मेयर का मीटिंग में नजर नहीं आना बना चर्चा का विषय


करंट क्राइम : सोमवार को बड़ी संख्या में नगर निगम के अलग-अलग वार्ड के पार्षद पहुंचे थे। वह अपनी समस्या बता रहे थे, तो पार्षदों का कोटा एक करोड़ रुपए किए जाने की आवाज को बुलंद कर रहे थे। इस दौरान सफाई, जलकल और कूड़ा कलेक्शन के विषय भी कई पार्षदों द्वारा रखा गया है। इस दौरान महापौर सुनीता दयाल की अनुपस्थिति सवाल खड़े कर रही थी। इस बारे में दैनिक करंट क्राइम ने महापौर सुनीता दयाल से संपर्क साधने की कोशिश की गई तो उनकी प्रतिक्रिया लेनी चाहिए लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई है।





#### कई सीनियर पार्षद नहीं आए नजर

करंट क्राइम : नगर निगम सभागार में सोमवार को वैसे तो 45 के आसपास पार्षद मौजूद थे लेकिन इसमें भी कई सीनियर पार्षद नहीं थे ,जो बैठकों से लेकर नगर निगम के अलग-अलग विषयों पर अपनी राय बेबाकी से रखते हैं। वह फैसलों का पक्ष और विपक्ष में खुलकर समर्थन व विरोध भी करते हैं। पर सोमवार को कई ऐसे पार्षद थे, जो बैठक में नजर नहीं आए। उनकी कमी को लेकर दूसरे पार्षद भी इस विषय पर सोच रहे थे।



#### इन पार्षदों की रही मीटिंग में मौजूदगी

करंट क्राइम : पार्षदों की इस बैठक में मुख्य रूप से प्रवीण चौधरी, शीतल चौधरी, मनोज त्यागी, पवन कुमार गौतम, प्रतिमा शर्मा, पवित्रा देवी, प्रमोश यादव, नितिन कुमार, महिम चौधरी, मदन राय, सुभाष सिंह, ओमवीर, कपिल, प्रवीण भाटी, यशपाल, ओमपाल भाटी, राधेश्याम त्यागी, कुलदीप, नरेश जाटव, जय किशन पाल, सचिन डागर, विनय चौधरी, भूपेंद्र उपाध्याय, रंजीता कल्याणी, अजय शर्मा, मनोज पाल, शिवम शर्मा, अनुज त्यागी, उदित मोहन, मदन राय, प्रवीण भाटी, साजिदा, रीना चौधरी, सुमन चौधरी, ओमप्रकाश सिंह, ओम , राहुल शर्मा सहित कई और भी पार्षद मौजूद थे।

#### आक्रोशित पार्षदों को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने तथ्यों के साथ समझाया

करंट क्राइम : सोमवार को नगर निगम में पहुंचे बड़ी संख्या में पार्षद आक्रोषित थे, वह इस बात को लेकर नाराज थे कि अधिकारी उनकी बात नहीं सुनते हैं। तो वहीं विकास कार्यों को लेकर उनके साथ दोहरा व्यवहार किया जा रहा है, यह बात जब सदन में बैठने पर नगर आयुष विक्रमादित्य सिंह मलिक को मालूम हुई तो उन्होंने कई पार्षदों को व्यक्तिगत नाम लेते हुए तर्कसंगत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि बजट की वाकई कमी है। शासन से पैसा कम मिल रहा है। वहीं अवस्थापना की राशि को लेकर भी स्थिति ठीक नहीं रहती है। अधिक पैसा आएगा, तो विकास कार्यों पर ही खर्च भी अधिक ही होगा। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को कहा है कि वह पार्षदों की बात को गंभीरता से लें। विकास कार्यों को प्रमुखता से कराया जाए और जो समस्याएं आ रही हैं उन्हें महापौर, नगर आयुक्त और अन्य अधिकारियों को बताया जाए ताकि सभी मिलकर उसे हल कराने का प्रयास करेंगे।

## कवि नगर पुलिस ने की मोहम्मद जुबेर से थाने में कई घंटे पूछताछ

**- यति नरसिंघानंद सरस्वती ट्रस्ट की महासचिव डा. उदिता त्यागी द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे का है मामला**

गाजियाबाद ,करंट क्राइम : कवि नगर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 152 के तहत भारत की संप्रभूता, एकता और अखंडता के खतरे में डालने वाले कृत्य के अपराधी और अल्ट न्यूज के सहसंपादक मोहम्मद जुबेर के खिलाफ दर्ज मुकदमे के मामले में सोमवार को कवि नगर थाने में पूछताछ की है। पुलिस ने करीब 3 घंटे बंद कमरे में मोहम्मद जुबेर से पूछताछ की है। इस दौरान जुबेर अहमद अपने अधिवक्ता के साथ मौजूद रहा। पुलिस ने उससे कई तरीके के सवाल और जवाब किए हैं। बता दें कि गाजियाबाद के पुजारी यति नरसिंहानंद का वीडियो क्लिप कथित रूप से साझा करने को लेकर उनके खिलाफ 8 अक्टूबर को एफआईआर दर्ज करने की मांग हुई थी। यदि नरसिंहानंद सरस्वती ट्रस्ट की महासचिव डा. उदिता द्वारा दर्ज कराई गई थी। शिकायत के आधार पर गाजियाबाद पुलिस कवि नगर थाने में मुकदमा लिखा गया था। पुलिस का कहना था कि अल्ट न्यूज के संपादक मोहम्मद जुबेर ने यति के वीडियो को कई बार और अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डाला था, ट्वीट किया था। जिससे जनभावनाएं आहत होने के साथ ही डासना देवी मंदिर के बाहर भारी संख्या में भीड़ जमा हो गई थी।



#### लंबे प्रयासों के बाद पुलिस कर पाई पूछताछ

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस पूरे मामले में 20 दिसंबर को महत्वपूर्ण तथ्य पुलिस को मिले थे। इसके बाद इस मामले में 5 जनवरी तक मोहम्मद जुबेर अंतरिम जमानत पर हैं। एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि यति के वीडियो को सोशल मीडिया पर लगातार वायरल और आगे बढ़ाने को लेकर उनसे कई तरीके के सवाल पूछे गए है, जो कोर्ट के सामने प्रस्तुत किए जाएंगे। पुलिस को पूछताछ पर बुलाने के लिए लंबे प्रयास करने पड़े हैं।

## पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद : 4 घंटे में सील किए गए 192 अवैध होटल और लॉज

### लंबे समय से बिना लाइसेंस के ओयो की आड़ में चल रहा था धंधा

### 12 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक चला पुलिस का अभियान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मंगलवार को इस साल का अंतिम दिन है और नए साल का आगाज होने वाला है। नए साल को लेकर जहां डीजीपी उत्तर प्रदेश के निदेशों का पालन कमिश्नरेट पुलिस करने में जुटी हुई है।

इसी कड़ी में सोमवार को पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र के निर्देशों पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले सिटी, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन में सुबह 12 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक अवैध रूप से अलग-अलग थानाक्षेत्रों में चलने वाले होटल जो बिना लाइसेंस के चल रहे थे, उनपर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने एक साथ सभी स्थानों पर छापेमारी और जिन भी होटलों, लॉज और गेस्ट हाउस में उसे संचालित करने का लाइसेंस नहीं था, उनको सील करते हुए पुलिस ने कार्रवाई की है। लगभग चार घंटे के ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने लगभग 390 होटल लॉज और कमरों पर छापेमारी की कार्रवाई की है। जिसमें 192 होटल जो ओयो की आड़ में बिना लाइसेंस के अवैध रूप से चल रहे थे, उन्हें सील करने की कार्रवाई की गई है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में पुलिस ने नए साल की चेकिंग व्यवस्था और सुरक्षा अभियान के तहत यह बड़ी कार्रवाई बताई जा रही है।






#### नदिया पार में चल रहे थे सबसे ज्यादा अवैध होटल्स

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के अंतर्गत सिटी जोन में कुल 56 अवैध होटल बंद किए गए हैं। तो वहीं ग्रामीण जोन में यह आंकड़ा 54 का और सर्वाधिक पुलिस की कार्रवाई ट्रांस हिंडन जोन में हुई है। यहां 82 ऐसे होटल लॉज और गेस्ट हाउस थे, जो ओयो की आड़ में बिना लाइसेंस के चल रहे थे। स्थानीय लोगों और पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों को लंबे समय से ऐसे स्थान पर कार्रवाई करने की शिकायत मिल रही थी। जिसके बाद पुलिस ने नए साल की सुरक्षा व्यवस्था के बीच यह एक्शन वाला काम किया है।




#### अभियान शुरू होते ही मच गया होटल संचालकों में हड़कंप, खूब आए सिफारिशों के फोन







करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि सुबह 12 बजे से ही सभी थानाक्षेत्रों में यह अभियान शुरू हो गया था। थाने से लेकर चौकी प्रभारी और बीट वाले सिपाहियों को इसकी जांच कर लाइसेंस देखने और फिर कार्रवाई कर उसका वीडियो और फोटोग्राफी करने का निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिया गया था। सुबह पुलिस के द्वारा जैसे ही यह अभियान शुरू किया गया, तो बिना लाइसेंस के चलने वाले इन होटल के संचालक और मालिकों के बीच हड़कंप मच गया। सूत्रों ने जानकारी दी है कि कई जोन में लगातार अधिकारियों के पास सिफारिश वाले फोन आते रहे, जिसमें नेताओं से लेकर व्यापारी शामिल थे लेकिन अधिकारियों ने उच्च अधिकारियों के आदेश का हवाला देते हुए उनकी सिफारिश नहीं मानी और कार्रवाई करते हुए उन्हें सील कर दिया गया है।

# 2025 से दिल्लीवालों की राह होगी आसान फर्राटे भरेंगे वाहन, पांच प्रोजेक्ट पर होगा काम



**नई दिल्ली।** एनसीआर के वाहन भी इन रास्तों पर फरार्टा भरेंगे। बारापूला फेज-तीन पूर्वी दिल्ली के साथ नोएडा और गाजियाबाद के मुसाफिरों की आईएनए तक की राह को सिग्नल फ्री करेगा। पांच प्रोजेक्ट 2025 से दिल्लीवालों की राह आसान करेंगे। एनसीआर के वाहन भी इन रास्तों पर फरार्टा भरेंगे। बारापूला फेज-तीन पूर्वी दिल्ली के साथ नोएडा और गाजियाबाद के मुसाफिरों की आईएनए तक की राह को सिग्नल फ्री करेगा। दिल्ली-मुंबई एक्सेस कंट्रोल लिंक से मुंबई एक्सप्रेस वे की आवाजाही अबाधित होगी।

नंद नगरी स्थित गगन सिनेमा फ्लाईओवर से पूर्वी दिल्ली समेत ट्रांस हिंडन से सिग्नेचर ब्रिज व रिंग रोड तक जल्दी पहुंचना होगा। दिल्ली की तीसरी रिंग रोड यानी शहरी विस्तार सड़क (यूईआर)-2 से बाहरी, पश्चिमी और दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली समेत हरियाणा के सीमावर्ती शहरों का आवागमन बेहतर होगा। सुल्तानपुरी आरयूबी से स्थानीय स्तर पर निकासी ठीक रहेगी। पांचों प्रोजेक्ट 2025 में पूरे हो जाएंगे।

### गगन सिनेमा की टूटेगी जाम की जकड़न

उत्तर-पूर्वी दिल्ली में नंद नगरी से गगन सिनेमा के बीच बन रहे फ्लाईओवर का निर्माण कार्य अगले साल पूरा कर लिया जाएगा। यह सड़क दिल्ली को गाजियाबाद से जोड़ती है। दिल्ली का यह इलाका सघन आबादी वाला है। इसका निर्माण कार्य 95 फीसदी पूरा कर लिया गया है। परियोजना में अभी कई पेड़ बाधा बने हैं। पेड़ों को हटाने की अनुमति मिलने के बाद इसका निर्माण कार्य शुरू होगा। ऐसे में इसका निर्माण कार्य अगले साल विधानसभा चुनाव के बाद ही पूरा होगा। मंगल पांडे मार्ग पर नंद नगरी से गगन सिनेमा तक बनने वाले इस फ्लाईओवर के बनने से घौंडा, मुस्तफाबाद, गोकलपुर, नंद नगरी, करावल नगर के अलावा आस-पास की दर्जनों घनी आबादी वाली कॉलोनियों को फायदा मिलेगा। यूपी के गाजियाबाद (भोपुरा बॉर्डर) से आने वाले ट्रैफिक जो सिग्नेचर ब्रिज की तरफ जाते हैं, उनकी आवाजाही आसान होगी।

### वाया यूईआर-2 अलीपुर से एयरपोर्ट फरार्टा भरेंगे वाहन

राजधानी के अलीपुर से नजफगढ़ होते हुए एयरपोर्ट तक का सफर अगले साल 20 मिनट में पूरा कर लिया जाएगा। निमार्णाधीन यूईआर-2 का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। 75 किलोमीटर लंबाई की इस रोड का निर्माण कार्य पांच पैकेज में किया जा रहा है। इसमें चार पैकेज का निर्माण कार्य 90 फीसदी से अधिक पूरा कर लिया गया है, जबकि एक पैकेज का निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है।

### सुल्तापुरी आरओबी से चलेगा ट्रैफिक

जाम से छुटकारा दिलाने के सुल्तानपुरी-नांगलोई रोड पर बनाए जा रहे रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य अगले साल पूरा हो जाएगा। केवल सुल्तानपुरी से नांगलोई के बीच आवाजाही आसान होगी, बल्कि सुल्तानपुरी, नांगलोई, किराड़ी, पूठकलां, रोहिणी सेक्टर-20, 21, 22, मंगोलपुरी के अलावा कई अन्य इलाकों के लोगों को रोहतक रोड तक पहुंचना आसान हो जाएगा।

### यमुनापार से दक्षिणी दिल्ली तक आवाजाही होगी आसान

यमुनापार से दक्षिणी दिल्ली तक आवाजाही आसान बनाने को बारापूला फेज-तीन का काम वर्ष 2014 में शुरू हुआ था। इसे 2017 तक पूरा करना था। मगर यह योजना अभी तक पूरी नहीं हो पाई है। आखिरी समय-सीमा के हिसाब से इसे मार्च 2023 तक पूरा करना था, लेकिन काम पूरा नहीं हो सका। परियोजना में अभी 270 पेड़ अड़चन बने हुए हैं। इसका 70 फीसदी से अधिक काम पूरा कर लिया गया है। इसे अगले साल पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बारापूला फेज-तीन के तैयार हो जाने से यमुनापार के मयूर विहार से जवाहरलाल नेहरू होकर आईएनए तक का सफर सिग्नल फ्री होगा। इसका फायदा नोएडा और गाजियाबाद के मुसाफिरों को भी मिलेगा।

### मुंबई एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा डीएनडी

59 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस वे डीएनडी फ्लाईओवर से शुरू होकर कालिंदी कुंज, फरीदाबाद होते हुए सोहना में केएमपी एक्सप्रेस से कनेक्ट हो रहा है। यहां पर यह दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे से जुड़ रहा है। इसका निर्माण तीन चरणों में किया जा रहा है। फरीदाबाद में सेक्टर-65 से सोहना तक के 26 किलोमीटर हिस्से को पिछले वर्ष ही यात्रियों के लिए खोला जा चुका है। अब सेक्टर-65 से दिल्ली में मीठापुर तक का 24 किलोमीटर हिस्से को भी ट्रैफिक के लिए खोल दिया गया है। वहीं डीएनडी से मिठापुर तक नौ किमी के हिस्सों का अभी निर्माण किया जा रहा है। इसे अगले साल जून से पहले पूरा किया जाएगा। इससे दक्षिणी दिल्ली में ट्रैफिक की आवाजाही आसान होगी।

# सनातन धर्म का आधार ही सामाजिक समरसता है: श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज



**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** लाजपत नगर एफ ब्लॉक स्थित प्राचीन नवदुर्गा मंदिर में सोमवार को सोमवती अमावस्या के पावन पर्व पर सामाजिक समरसता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज व विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सडंक व परिवहन व कॉरपोरेट राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा रहे। अध्यक्षता महंत सतीश दास महाराज ने की।

सामाजिक समरसता सम्मेलन में महाराजश्री बोले, सनातन धर्म में छोटे-बड़े का कोई स्थान ही नहीं है श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि हिंदू सनातन धर्म का आधार ही सामाजिक समानता है। सनातन धर्म में छोटे-बडे का कोई स्थान ही नहीं हैं क्योंकि यह धर्म सबको ही एक समान मानता है। वसुधैव कुटुम्बकम की परिकल्पना के साथ यह पूरा विश्व एक परिवार ही है और हम सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं। यही कारण है कि हम सदैव विश्व कल्याण की कामना ही करते हैं। हमारे रास्ते भले ही अलग-अलग हों, मगर सबका एक ही लक्ष्य पूरे विश्व व पूरी मानवता का कल्याण करना वएक ही मंजिल उस सर्वशक्तिमान को प्राप्त कर अपने मानव जीवन को सार्थक बनाना है।

### विविधता में एकता की विशेषता भारत को विश्व में सबसे खास बनाती है : हर्ष मल्होत्रा

विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सड़क व परिवहन व कॉरपोरेट राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि भारत की विशेषता विविधता में एकता का परिचायक है। हमारे देश में कई संस्कृति, भाषा, विचारधारा, धर्म, संप्रदाय, वर्ग हैं फिर भी हम सब एक हैं। हमारी यह विविधता में एकता ही हमें सबसे खास बनाती है। प्राचीन भगवान वाल्मीकि मंदिर मंदिर मार्ग नई दिल्ली के महामंडलेश्वर कृष्ण शाह विद्यार्थी ने कहा कि सनातन धर्म तो शुरू से ही सामाजिक समरसता का संदेश देता आया है। विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्योतिषाचार्स डॉ राजेश ओझा ने कहा कि सामाजिक समरसता शांति व सदभावना का तो प्रतीक है ही साथ ही यह समाज, देश व विश्व कल्याण के मार्ग का द्वार भी खोलता है। सम्मेलन के अध्यक्ष महंत सतीश दास महाराज ने कहा कि सामाजिक समरसता से ही मजबूत समाज व राष्ट्र का निर्माण होता है। सामाजिक एकता का अर्थ है कि हम जाति धर्म वर्ण से ऊपर उठकर एक साथ रहें। राजमाता मंदिर झंडेवालन शाहदरा दिल्ली के महंत स्वामी राजेश्वरानंद महाराज ने कहा कि सामाजिक समरसता से ही समाज में व्यापत अमीरह्णगरीब, उंच-नीच के भेदभाव को खत्म किया जा सकता है और इस कार्य में संत अहम भूमिका निभा सकते हैं। 108 फुट श्री संकट मोचन धाम करोल बाग नई दिल्ली के महंत सूरज गिरि महाराज, प्राचीन वाल्मीकि मंदिर पटेल नगर के महंत योगी उमेश पुरी महाराज, श्रीधाम अयोध्या के पं. हरिवंश तिवारी, मानस प्रवक्ता पं. गिरीश शास्त्री व रब्बी इजीकोल इसहाक मालेकर आदि भी मौजूद रहे।

# समाधान योजना 31 मार्च, 2025 की अवधि तक रहेगी प्रभावी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सहायक आयुक्त स्टाम्प, गाजियाबाद पुष्पेन्द्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए अवगत कराया कि विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, अनुभाग-2 के आदेश के द्वारा स्टाम्प कलेक्टर एवं मा. सी.सी.आर.ए. के पीठासीन अधिकारीगण के न्यायालय में काफी संख्या में भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के अन्तर्गत स्टाम्प वाद लम्बित होने के कारण स्टाम्प वादों के त्वरित निस्तारण के लिए, उसमें निहित स्टाम्प कमी की धनराशि को शीघ्रातिशीघ्र प्राप्त करने के लिए तथा जन-सामान्य को अधिकाधिक सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से शासन द्वारा सम्यक विचारोपरांत स्टाम्प कमी के वादों की एक समाधान योजना लागू किये जाने का निर्णय लिया गया है।

समाधान योजना के लागू होने के पूर्व तक योजित किसी भी स्टाम्पवाद / स्टाम्प अपील एवं स्टाम्प निगरानी वाद में, यदि पक्षकार संदर्भण आख्या में इंगित स्टाम्प कमी की धनराशि को नियमानुसार देय ब्याज के साथ अदा करने का इच्छुक है, तो पक्षकार द्वारा संबंधित न्यायालय / मा.सी.सी.आर.ए. में पीठासीन अधिकारी के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जायेगा।

किसी भी पक्षकार द्वारा इस अवधि में योजना के प्रभावी रहने की अन्तिम तिथि से पूर्व पुष्टि की गई। स्टाम्प कमी की धनराशि, नियमानुसार ब्याज एवं रु. 100/- के टोकन अर्थदण्ड की धनराशि के साथ जमा करने पर उसे इसका लाभ प्राप्त होगा। यह समाधान योजना 31 मार्च, 2025 की अवधि तक प्रभावी रहेगी।

# शालीमार गार्डन में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने गरीबों को बांटे कंबल





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सर्दी का प्रकोप शुरू हो चुका है और गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को सर्दी सताने लगी है। वहीं शालीमार गार्डन में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। शालीमार गार्डन एक्सटेंशन 1 वार्ड 78 शिव चौक पर कंबल वितरण किया, जिसमें 800 लोगों को कंबल विरतण किए। इस मौके पर पवन रेड्डी, अशोक पाल, आदित्य पाल, अशोक भाटी, इंदू तोमर, सुरेश तिवारी मौजूद रहे।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने क्षेत्र के करीब 800 से अधिक गरीब एवं असहाय और दिव्यांगों के साथ-साथ जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। इस दौरान कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खुशी के खिल उठे। उन्होंने कहा कि सर्दी की वजह से किसी भी गरीब असहाय को परेशानी न हो। इसको लेकर लेकर कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया है।

# एडवोकेट राकेश त्यागी काकड़ा ने मनाया जन्मदिन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एडवोकेट राकेश त्यागी काकड़ा पूर्व बार अध्यक्ष गाजियाबाद को उनके जन्मदिन पर साथियों ने उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए बुके देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। एडवोकेट राकेश त्यागी काकड़ा ने भी सभी साथियों की मौजूदगी में केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। इस मौके पर सभी अधिवक्ता साथियों एवं अन्य साथियों का धन्यवाद किया, उनके जन्मदिन के अवसर पर एड विजय सौरभ,पूजा वरुण एवं गौरव त्यागी महलवाला महासचिव जनता दल (यू) उत्तर प्रदेश,आशीष त्यागी ,केशव त्यागी पूर्व प्रधान ग्राम फिरोजपुर,रामकृपाल त्यागी प्रधान डिडौली ,सुंदर शर्मा ,मनीषआदि मौजूद रहे।

# चुनाव से पहले केजरीवाल का एक और बड़ा ऐलान

## पुजारियों और ग्रंथियों को हर माह मिलेगी 18000 सैलरी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान केजरीवाल ने पुजारी और ग्रंथी सम्मान योजना का एलान किया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। केजरीवाल ने पुजारी और ग्रंथि सम्मान योजना का एलान किया है। अरविंद केजरीवाल कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर से इस योजना के लिए रजिस्ट्रेशन की शुरूआत करेंगे।अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'आज मैं जो योजना का एलान करने जा रहा हूं, उस योजना का नाम पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना है। इसके तहत मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारे के ग्रंथियों को हर महीने सम्मान राशि देने का प्रावधान है...उन्हें लगभग 18,000 रुपये प्रति माह सम्मान राशि दी जाएगी।' केजरीवाल ने एक्स पर लिखा, 'आम आदमी पार्टी के जीतने पर दिल्ली में मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथियों को 18,000 प्रति माह की सम्मान राशि दी जाएगी। ये योजना समाज में उनके आध्यात्मिक योगदान और हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने के उनके प्रयासों का सम्मान है।



# हर साल बहराइच की 50 हजार टन हल्दी खरीदेंगे योगगुरु स्वामी रामदेव



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना का असर लगातार दिख रहा है। अन्नदाता किसानों के लिए सीएम योगी के प्रयासों का ही नतीजा है कि योग गुरु स्वामी रामदेव बहराइच की हल्दी खरीदने के लिए आगे आए हैं। इसका इस्तेमाल वह आयुर्वेदिक दवाओं को बनाने में करेंगे। बता दें कि बहराइच की हल्दी की गुणवत्ता काफी अच्छी होती है, इस कारण इसकी डिमांड भी काफी रहती है। यही वजह है कि योग गुरु की कंपनी और बहराइच के तीन एफपीओ के बीच एमओयू साइन किया गया है। बहराइच की जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जिले के उत्पादों को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने और अन्नदाता किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं। इसके तहत बहराइच में 86 कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) गठित किए गए हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर हल्दी और अन्नदाताओं को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए योग गुरु स्वामी रामदेव की कंपनी के साथ बहराइच की तीन एफपीओ के बीच एमओयू साइन किया गया है। यह एमओयू बहराइच की 3 एफपीओ प्रत्युष बायो एनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, वीरांगना लक्ष्मीबाई महिला किसान निमार्ता कंपनी लिमिटेड और सीएससी राज किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड ने साइन किया है। हरिद्वार में हुए एमओयू में योग गुरु स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, बहराइच जिलाधिकारी मोनिका रानी, उप कृषि निदेशक टीपी शाही, सीएससी राज किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड मिहींपुरवा के निदेशक अखिलेश सिंह आदि मौजूद रहे। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि बहराइच का मिहींपुरवा क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों, उपजाऊ भूमि और अनुकूल जलवायु होने के कारण कृषि के लिए काफी उपयुक्त है। यही वजह है कि यहां हल्दी, जिमीकंद और हरी सब्जियों की काफी अधिक मात्रा में खेती की जाती है। इसे कई राज्यों के साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी भेजा जाता है। इसके बावजूद अन्नदाताओं को उनके उत्पाद का उचित मूल्य नहीं मिल पाता था। इसे देखते हुए अन्नदाताओं की आय बढ़ाने के लिए प्रति वर्ष 20 से 25 टन प्रति हेक्टेयर के हिसाब से लगभग 2000 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 45-50 हजार टन हल्दी के विक्रय/विपणन स्वामी रामदेव की कंपनी से कराया गया है।

उप कृषि निदेशक टीपी शाही ने बताया कि एफपीओ के 1,880 पुरुष किसान तथा 975 महिला किसान हल्दी उत्पादन से जुड़े हैं। इसी तरह यहां 150 हेक्टेयर में जिमीकंद की खेती की जा रही है, जिसमें 30-35 टन प्रति हेक्टेयर में कुल 5,250 टन जिमीकंद का उत्पादन हो रहा है।

# बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का पटना पहुंचने पर जोरदार स्वागत



**पटना।** बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल मो. आरिफ मोहम्मद खान सोमवार को पटना पहुंचे। हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी के लिए उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय चौधरी समेत कई मंत्री मौजूद रहे। पटना हवाई अड्डे पर राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। नवनियुक्त राज्यपाल मो. आरिफ मोहम्मद खान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह बिहार के इतिहास को जानते हैं और उसका उनके जीवन पर गहरा असर है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नए राज्यपाल का सभी नेताओं और उपस्थित गणमान्य लोगों से परिचय कराया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा, मैं बिहार के गौरवशाली इतिहास को जानता हूं। बिहार का गौरवशाली इतिहास है। भारतीय संस्कृति और इतिहास में बिहार का क्या योगदान है, जानता हूं। उसके नाते इस दायित्व का असर मेरे ऊपर है। मैं यहां के ऐतिहासिक और गौरवशाली परंपरा के अनुरूप दायित्व निर्वहन करने का प्रयास करूंगा। इससे पहले मो. आरिफ मोहम्मद खान केरल के राज्यपाल थे। 24 दिसंबर को केंद्र सरकार ने बिहार सहित कई राज्यों के राज्यपालों को बदल दिया था। केरल के राज्यपाल की जिम्मेदारी संभाल रहे आरिफ मोहम्मद खान को बिहार का नया राज्यपाल बनाया गया था, वहीं बिहार के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर को केरल का गवर्नर नियुक्त किया गया था। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के बरवाला गांव में पैदा हुए आरिफ मोहम्मद खान ने छात्र जीवन से ही सियासत में कदम रख दिया था। बुलंदशहर से अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में पढ़ने गए तो सियासी पारी का आगाज किया। एएमयू में पहले महासचिव बने और फिर अध्यक्ष के रूप में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय छात्र संघ का नेतृत्व किया।

# पहाड़ों पर बर्फबारी से यूपी में कड़ाके की सर्दी गलन और ठिठुरन बढ़ी, मौसम विभाग का अलर्ट



**लखनऊ।** पहाड़ों पर बर्फबारी से यूपी में कड़ाके की सर्दी शुरू हो गई है। गलन और ठिठुरन बढ़ गई है। आगे पढ़ें और जानें अगले तीन दिनों तक के लिए मौसम विभाग ने क्या अलर्ट जारी किया है।पछुआ हवाओं और पहाड़ों पर हुई बर्फबारी के असर से उत्तर प्रदेश में कड़ाके की सर्दी शुरू हो गई है। मौसम विभाग का कहना है अगले दो से तीन दिन में दिन के तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट के आसार हैं। सोमवार को पूरब से पश्चिम तक प्रदेश में कोहरे की घनी चादर देखने को मिली, इससे भी ठंड में इजाफा हुआ।

कई जगहों पर कोल्ड डे जैसी गलन और ठिठुरन की स्थितियां रहीं। ज्यादातर जगहों पर रात के पारे में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट से ठंड ने रफ्तार पकड़ ली है। कोहरे की मौजूदगी की वजह से दिन में पारे में गिरावट से ठंड और गलन बढ़ी है। दिनभर सर्द पछुआ हवाएं चलती रही कोहरे की कई परत की घनी चादर की वजह से बदली जैसा माहौल रहा और दिन में सूरज छिपा रहा। चुर्क और आजमगढ़ में दृश्यता 50 मी तक सिमट गई। वहीं कुशीनगर, अलीगढ़, मुरादाबाद में दृश्यता 100 मी तक रह गई।राजधानी लखनऊ की बात करें तो सोमवार को भी धूप नदारद रही। कोहरे के साथ ही दिनभर सर्द पछुआ हवाएं चलती रही।

मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिन लगातार दिन और रात दोनों के तापमान में धीमी गिरावट देखने को मिलेगी। वहीं प्रदेश मे मध्यम से घने कोहरे और सर्द हवाओं का दौर जारी रहेगा और ठंड में लगातार बढ़ोतरी दिखेगी।

### तापमान में लगातार गिरावट देखने को मिलेगी

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि उत्तरी पछुआ हवाओं के चलने से ठंड और गलन में अभी और इजाफा होगा। दिन में कोहरे की मौजूदगी और धूप मद्धिम होने की वजह से दिन और रात के तापमान में भी लगातार गिरावट देखने को मिलेगी।

# भाजपा और कांग्रेस के मेयर प्रत्याशियों ने भरा पर्चा, निर्दलीय मैदान में उतरे राजकुमार

**उत्तराखंड।** निकाय चुनाव के नामांकन के आखिरी दिन रुद्रपुर कलेक्ट्रेट में भाजपा मेयर प्रत्याशी विकास शर्मा और कांग्रेस मेयर प्रत्याशी मोहन खेड़ा ने नामांकन दाखिल किया। वहीं, राजकुमार ठुकराल ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। निकाय चुनाव के नामांकन के आखिरी दिन रुद्रपुर कलेक्ट्रेट में भाजपा मेयर प्रत्याशी विकास शर्मा ने नामांकन दाखिल किया। उनके साथ सांसद अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल मौजूद थे।इससे पहले विकास ने गल्ला मंडी में जनसभा की।



वहीं, कांग्रेस से मोहन खेड़ा, निर्दलीय राजकुमार ठुकराल, संजय ठुकराल और सपा प्रत्याशी इमरान अंसारी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। लालपुर नगर पंचायत के लिए कांग्रेस प्रत्याशी निशा गोस्वामी ने नामांकन पत्र दाखिल किया।





# अगली बोर्ड बैठक में दिखाई देंगे सोमवार वाली बैठक के साइड इफेक्ट

## संगठन तक भेजा गया संदेश और कहा गया है कि इसे नहीं कहा जा सकता नगर निगम में द बेस्ट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम में भाजपा का बहुमत है। नगर निगम की स्थापना से लेकर आज तक मेयर सीट पर भाजपा का कब्जा है, लेकिन इसके बावजूद यहां इंटरनल रार ही फूल वालों के बीच चल रही है। सोमवार को एक बैठक बुलाई गई और इस बैठक में लगभग 40 पार्षद पहुंचे। नगर निगम के मुद्दों को लेकर, विकास को लेकर ये बैठक बुलाई गई थी और इसमें नगरायुक्त भी थे, पार्षद भी थे। पार्षदों ने बजट पर चर्चा की, विकास पर चर्चा की और बताया जाता है कि इस बैठक में अधिकांश वो पार्षद थे जो कुछ समय पहले एक दूसरी बैठक में भी पहुंचे थे और उसके बाद कुछ ऐसा हुआ था कि अगले दिन ही मेयर की ओर से सभी पार्षदों के वार्ड में एक-एक करोड़ के विकास कार्य का ऐलान कर दिया गया था।

अब जब सोमवार को बैठक बुलाई गई तो बताया ये जा रहा है कि इस बैठक के साइड इफेक्ट दिखाई देंगे और बैठक को लेकर एक संदेश भाजपा हाईकमान तक भी भेजा गया है कि ये कहीं से कहीं तक ठीक नहीं है। इसे गुटबाजी से जोड़कर देखा जा रहा है। बताया ये जाता है कि ये बैठक दो खेमों में बंट गई और इसका संदेश दूर तक पहुंचा है। इसके साइड इफेक्ट बोर्ड बैठक तक दिखाई देंगे। इस बैठक को मेयर के अधिकारों को चुनौती देने के रूप में भी देखा जा रहा है। अब ये माना जा रहा है कि बोर्ड बैठक की तारीख टलेगी।



### नहीं होनी चाहिए थी रार और किया जा सकता था बोर्ड बैठक का इंतजार

**करंट क्राइम।** नगर निगम में बैठक हुई, नगर निगम के पार्षद पहुंचे और कहने वालों ने यही कहा कि ये जो इंटरनल रार का संदेश बाहर गया है ये नहीं जाना चाहिए था। उनका तर्क ये है कि इंतजार भी हो सकता था। बोर्ड बैठक ना बुलाए जाने के कारण को समझना चाहिए। पहले विधानसभा सत्र चल रहा था और फिर लोकसभा सत्र चला। यह नियम है कि जब भी किसी भी सदन का सत्र चल रहा हो तो निगम की बोर्ड बैठक नहीं बुलाई जा सकती। ऐसे में अगर बोर्ड बैठक बुलाई भी जाती तो वो शून्य घोषित हो जाती। जो मुद्दे सोवार को रखे गए वो मुद्दे बोर्ड बैठक में भी उठ सकते थे। इंतजार हो सकता था कि क्योंकि अभी लोकसभा का सत्र खत्म हुए तीन दिन हुए है। ऐसे में एक बेहतर संदेश देने की दिशा में काम होना चाहिए था।

### क्या हुई है कुछ पार्षदों की पार्टी आलाकमान से शिकायत

**करंट क्राइम।** सूत्र बताते हैं कि सोमवार वाली बैठक के इफेक्ट केवल बोर्ड वाली बैठक में ही दिखाई नही देंगे बल्कि ये असर अब आने वाले समय में दिखाई देंगे। बताया ये जा रहा है कि कुछ चेहरों की पार्टी आलाकमान से शिकायत की गई है। पार्टी आला कमान को ये अवगत कराया गया है कि कुछ पार्षद गुटबाजी कर रहे हैं। इसका संदेश ठीक नहीं जा रहा है। कई मुद्दों पर ये पार्षद ऐसा कर चुके हैं। अब शिकायत पर संगठन क्या एक्शन लेता है ये देखने की बात है।

### नगर आयुक्त से की पार्षदों ने अपने वार्ड के विकास की बात

**करंट क्राइम।** नगर निगम में सोमवार को बैठक हुई। इस बैठक में 45 पार्षद पहुंचे। इन पार्षदों में वो पार्षद भी थे जो चुनाव जीतने के बाद भाजपाई हो गए। इस बैठक में पार्षद पति भी थे। बैठक में शामिल प्रमुख चेहरों में भाजपा पार्षद सचिन डागर, भाजपा पार्षद प्रवीण चौधरी, भाजपा पार्षद रंजीता कल्याणी, भाजपा पार्षद उदित मोहन, भाजपा पार्षद राहुल शर्मा सहित 45 पार्षद मौजूद थे। इस बैठक में निर्दलीय चुनाव जीतने के बाद भाजपाई हुए परमोश यादव, राधेश्याम त्यागी मौजूद थे। इसके अलावा कांग्रेस के पार्षद भी मौजूद थे। बताया ये जाता है कि इस बैठक में चाहे वो पक्ष के पार्षद हों, विपक्ष के पार्षद हों सभी ने अपने-अपने वार्ड में विकास की बात की। यहां नगर आयुक्त ने भी पार्षदों से वन टू वन बात की। यहां निगम की आमदनी और निगम के खर्चों पर चर्चा हुई।

### बोर्ड बैठक की तारीख का करना होगा इंतजार

**करंट क्राइम।** बोर्ड बैठक की तारीख पर संशय के बादल मंडरा गये हैं। बताया जाता है कि बोर्ड बैठक की अधिसूचना मेयर जारी करती हैं और वो बोर्ड बैठक में अध्यक्षता करती हैं। ऐसे में अब जब बिना बोर्ड के ही ये बैठक बुलाई गई तो बोर्ड बैठक में इसकर असर दिखाई देगा। सूत्र बताते हैं कि सोमवार वाली बैठक को मेयर के अधिकार क्षेत्र में पेरालल चुनौती माना गया है और अब बोर्ड बैठक की तारीख अगली तारीख पर टलेगी।

# पूर्व राज्यसभा सदस्य अनिल अग्रवाल का क्या रहेगा भगवा गढ़ की सियासत में भविष्य

## बेहतरीन जनसंपर्क वाले नेता हैं और कर देते हैं सामने वाले की मदद



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अनिल अग्रवाल राज्यसभा सांसद रहे हैं और अब वो पूर्व हो चुके हैं। राज्यसभा सांसद के रूप में उन्होंने अभूतपूर्व पारी खेली है और जो मौका उन्हें जनसेवा के लिये मिला उसका भरपूर उपयोग किया। खास बात ये भी है कि उन्होंने राज्यसभा वाले सदन से आकर लोकसभा वाली पारी लोकसभा क्षेत्र में खेली है। अपने बेहतरीन व्यवहार के लिये उनका कार्यकाल याद रखा जाएगा। एक अच्छे व्यवहार से उन्होंने अपनी पहचान एक जनप्रिय नेता के रूप में बनाई और जनता को राज्यसभा सदस्य रहते हुए लोकसभा वाली फीलिंग कराई। उन्होंने अपने कार्यकाल में सबको उपकृत किया। नए युवा चेहरों को आगे बढ़ाया और उन्हें सत्ता वाला एहसास कराया। वैश्य समाज के दो युवा नेताओं को उन्होंने रेलवे बोर्ड उपभोक्ता सलाहकार समिति का सदस्य बनाया। वो एक ऐसे राज्यभा सांसद रहे जिन्होंने हर विधानसभा में अपना प्रतिनिधि बनाया।

पूर्व दर्जाप्राप्त राज्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेवराज शर्मा के सुपुत्र विपुल शर्मा उनके सांसद प्रतिनिधि रहे। एसएसके स्कूल के संचालक गुलशन भांभरी उनके सांसद प्रतिनिधि रहे। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अशोक संत उनके प्रतिनिधि रहे। ऐसा नहीं है कि उन्होंने अपने क्षेत्र में प्रतिनिधि बनाते हुए ध्यान नहीं रखा।

अगर कोई आउट ऑफ ट्रैक चला तो उसे बाकायदा पत्र घोषित कर उन्होंने प्रतिनिधि पद से हटाया। राज्यसभा सदस्य पद पर रहते हुए अनिल अग्रवाल ने अपनी पावर से ज्यादा काम अपनी मुस्कान से करा लिये। उनके बारे में ये कहा जाता है कि उन्होंने सबको उपकृत किया और सामने वाले की मदद अपनी तरफ से पूरी की। राजनीति के ये विनम्र वैश्य चेहरे अब अपना सियासी भविष्य कहां तलाश रहे हैं। अनिल अग्रवाल भविष्य की राजनीति में कौन सा फेस रहेंगे वो अब भगवा सियासी पिच पर जनप्रतिनिधि के रूप में कब वापसी करेंगे। पार्टी इस बड़े चेहरे को लेकर क्या विचार कर रही है।

### नदिया के उस पार से लेकर इस पार तक किया है जनहित में काम

**करंट क्राइम।** अनिल अग्रवाल ने अपनी पहचान एक ऐसे नेता के रूप में बनाई जिन्होंने अपने दर पर आने वाले किसी व्यक्ति को निराश नहीं किया। सबका काम किया। वो एक ऐसे राज्यसभा सांसद रहे हैं जिनके नाम का पत्थर नवयुग मार्किट के डॉ. बीआर अंबेडकर पार्क में लगा है। उन्होंने अपनी राज्यसभा सांसद निधि से पार्क में लगे डॉ. अंबेडकर मंच का रिनोवेशन कराया, उसे पूरी तरह से नया बनवाया। अब ये मंच सिर पर छत लिये हुए है। पूरी तरह से नया बना है और ये राज्यसभा सांसद रहते हुए अनिल अग्रवाल की देन है। उनकी निधि से इसका निर्माण हुआ है। ऐसा नहीं है कि नदिया के इस पार ही काम हुआ है। नदिया के उस पार भी काम हुआ है। महाराजपुर में पानी की पाइपलाइन उन्हीं के प्रयासों से बिछाई गई और इस क्षेत्र की पीने के पानी की समस्या बड़े स्तर पर हल हुई। करंट क्राइम ने देखा कि एक व्यक्ति बिजली विभाग से जुड़ी अपनी समस्या लेकर अनिल अग्रवाल के पास पहुंचा। अनिल अग्रवाल ने व्यक्ति की शिकायत सुनी और तत्काल अपने फोन से विद्युत विभाग के बड़े अधिकारी को फोन मिला दिया और स्पष्ट कहा कि इस समस्या का समाधान कीजिए। अनिल अग्रवाल का यही अंदाज उन्हें राजनीति में लोकप्रिय जननेताओं की श्रेणी में खड़ा करता है।

### फ्री हैंड सीट जीती थी और सबसे पहले उठाई थी लोकसभा में आवाज

**करंट क्राइम।** अनिल अग्रवाल ने जब राज्यसभा की सीट जीती थी तो वह बेहद रोचक मुकाबले मे जीती थी। उन्होंने राज्यसभा सांसद की उस सीट पर जीत हासिल की थी जिसे पार्टी ने फ्री हैंड छोड़ा था। इस गेम को अनिल अग्रवाल ने अपने पक्ष में किया। सबसे खास बात ये है कि अनिल अग्रवाल ही एकमात्र वो चेहरा है जिन्होंने गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में सबसे पहले परिवर्तन की मांग रख दी थी। जब यहां नेता दावेदारी का नाम लेने से भी डरते थे तब अनिल अग्रवाल ने लोकसभा में दावेदारी की थी और कहा ये भी जाता है कि लोकसभा में वैश्य चेहरों के लिये रास्ता ही अनिल अग्रवाल की पैरवी के बाद तैयार हुआ था।

# क्या रंग लाएगी दिल्ली में हुई विधायक जी और एक बड़े मंत्री जी की ये मुलाकात

## सुना है दिल्ली से सीधे मेरठ पहुंचे विधायक जी और रख दी अपनी बात





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सियासत में हर मुलाकात का एक अर्थ होता है। सियासत में दीवारों के भी कान होते हैं और कई बार कानों ने जो सुना है वो जुबान तक आता है। इन दिनों भगवा जुबानों पर किस्सा उस मुलाकात का है जो हुई तो सरकार वालों के बीच है, लेकिन उसका कनेक्शन संगठन से जोड़कर देखा जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि हाल ही में भगवा गढ़ के एक विधायक जी ने दिल्ली में भाजपा के एक बड़े मंत्री से मुलाकात की है। हालांकि ये मुलाकात बंद कमरे में हुई, लेकिन बंद कमरे की मुलाकात बाहर आ गई और अब सब ये जानना चाहते हैं कि ऐसी कौन सी बात थी जो विधायक जी ने दिल्ली पहुंचकर भाजपा के बड़े मंत्री से ही बताई है। क्या उन्होंने कोई ऐसी बात है जो यहां वालों से छुपाई है। भाजपा वाले ही ये जानने को उत्सुक हैं कि आखिर मुलाकात हुई है तो फिर पता तो चले कि कितनी देर तक दोनों में क्या बात हुई है। दिल्ली वाली मुलाकात के बाद सीन में फिर से गाजियाबाद तो आया लेकिन गाजियाबाद में विधायक जी ने ब्रेक नहीं लगाया। वो सीधा मेरठ में भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पर पहुंचे। वहां पर भी उनकी मुलाकात हुई और बताया जाता है कि यहां वो लगभग एक घंटे तक रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि दिल्ली वाले मुलाकात के चेहरे बड़े, विधायक जी बड़े और वो सीधे क्षेत्रीय अध्यक्ष के पास पहुंचे और कुछ मुद्दों पर बात की।

बताया जाता है कि कहानी में मंडल अध्यक्ष वाली लिस्ट का ट्विस्ट आ गया है और केवल मंडल अध्यक्षों की बात नहीं है बल्कि इस कहानी में महानगर अध्यक्ष की कुर्सी भी आ गई है। विधायक जी कुछ मंडलों पर अडिग हैं और कुछ मंडलों पर उनकी विधानसभा वाले नाम भी हो सकते हैं और कुछ मंडल ऐसे हैं जो उनकी विधानसभा के बाहर के हैं। वहीं दूसरी तरफ स्टोरी में बड़ा मोड महानगर अध्यक्ष वाली कुर्सी को लेकर है।

सूत्र बता रहे हैं कि विधायक जी ने एक बड़ी पैरवी एक बड़े चेहरे के सामने की है और ताजपोशी को लेकर पूरा माहौल बनाया है। दिल्ली वाली मुलाकात से लेकर क्षेत्रीय अध्यक्ष वाली बात बाहर आने के बाद पावर सेंटर के दूसरे छोर से भी सजगता के सिग्नल आ रहे हैं।

यहां कहने वाले ने कहा भी कि भले ही वो कितना कहे कि संगठन की ताजपोशी में जनप्रतिनिधियों की दखल नहीं होनी चाहिए, लेकिन यहां पर वो शब्द भी याद रखे जाने चाहिए जिसमें एक जनप्रतिनिधि ने कहा था कि दखल तो रही है, रहेगी और हम दखल दें ना दें लेकिन बाकी तो दखल देंगे ही। अब इस मुलाकात के बाद भगवा गढ़ में चचाएं पूरे चरम पर हैं। क्योंकि विधायक जी भी पावर सेंटर की धुरी माने जाते हैं और ये माना जाता है कि वो अपने नामों के लिये, अपने समर्थकों के लिये सरकार से लेकर संगठन तक अड़ते हैं। अपने कार्यकताओं का पूरा ध्यान रखते हैं और दिल्ली से लेकर मेरठ तक हुई भागदौड़ और नामों के जिक्र वाली बात को लेकर ये माना जा रहा है कि मुलाकात भी हुई है, सिफारिश भी हुई और अब नतीजा भी आएगा।

# संभल हिंसा: मृतकों के परिजनों को सपा ने सौंपे 5-5 लाख के चेक

**संभल।** समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय और विधान परिषद में सपा दल के नेता प्रतिपक्ष लाल बहादुर यादव की अगुवाई में संभल पहुंचा। जहां 24 नवंबर को हुई संभल हिंसा में मरने वालों के परिजनों से मुलाकात की। हिंसा के बारे में जाना। पार्टी ने आर्थिक सहायता के तौर पर पांच-पांच लाख रुपये का चेक सौंपा।



पांडे और यादव ने घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। संभल हिंसा को लेकर सरकार पर सवाल उठाए और पुलिस की भूमिका की जांच की मांग की है।

दरअसल, 24 नवंबर को संभल में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल में कस्बे के मोहल्ला कोटगर्वी निवासी अयान, नईम, हयातनगर निवासी रोमान, सरायतरीन निवासी बिलाल और तुतीर्पुर इल्हा निवासी कैफ की मौत हो गई थी। रोमान के परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया, जबकि अन्य चार मृतकों के परिजनों ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पांडेय और लाल बहादुर यादव ने निरीक्षण भवन में मरने वालों के परिजनों से मुलाकात की। मरने वाले कैफ के परिजन मोहम्मद हुसैन का इस दौरान कहना था कि सपा की तरफ से हमें फोन आया था कि आपको चेक मिलेगा। हमारा बच्चा मोहम्मद कैफ 24 तारीख को सामान बेचने बाजार में गया था। फिर शाम को पुलिस का फोन आया कि कैफ मर गया है, उसका पंचनामा भरा जाएगा। दूसरे मृतक नईम के भाई तस्लीम का कहना था कि सपा अध्यक्षअखिलेश यादव ने 5 लाख का चेक देने का ऐलान किया था।

# गाजियाबाद में हो गया सभी दुकानों की साप्ताहिक बंदी का ऐलान

## मुरादनगर, फरीदनगर, पतला-निवाड़ी से लेकर मोदीनगर में बंद रहेंगी हफ्ते में एक दिन दुकान



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद में अब प्रशासन ने उत्तर प्रदेश दुकान वाणिज्य अधिनियम नियमावली के तहत साप्ताहिक बंदी का ऐलान किया है। गाजियाबाद के सभी क्षेत्रों में वर्ष 2025 से व्यवसाय के हिसाब से और क्षेत्र के हिसाब से साप्ताहिक बंदी का दिन घोषित कर दिया गया है।

नगर निगम क्षेत्र, नगर पालिका क्षेत्र और सभी ज्वैलरी आभूषणों की दुकानों के लिये, मशीनरी मर्चेंट की दुकानों के लिये साप्ताहिक बंदी की घोषणा कर दी गई है।




### सभी हेयर सैलून रहेंगे मंगलवार के दिन बंद

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद के सभी हेयर सैलून केश प्रसाधन की दुकानें मंगलवार को बंद रहेगी। साप्ताहिक बंदी का ये नियम गाजियाबाद, लोनी, मुरादनगर, फरीदनगर, निवाड़ी, मोदीनगर में लागू होगा।

### शहर क्षेत्र में मंगलवार को ये इलाके रहेंगे बंद

**करंट क्राइम।** शहर क्षेत्र की बात करें तो राजनगर-आरडीसी, संजयनगर, गोविंदपुरम, शास्त्रीनगर, नेहरूनगर, अंबेडकर रोड, कविनगर, नवयुग मार्किट, घंटाघर, तुराबनगर, रमतेराम रोड, रेलवे रोड बजरिया, लोहियानगर, मेरठ रोड, जीटी रोड, विजयनगर, मोहननगर, राजेंद्रनगर दिल्ली सीमा तक, साहिबाबाद वसुंधरा, वैशाली, कौशांबी, इंदिरापुरम, खोड़ा क्षेत्र की दुकानें मंगलवार को साप्ताहिक बंदी अधिनियम में रखी गई हैं।

### रविवार को रहेगा मशीनरी मर्चेंट, किराना बाजार और फोटो स्टेट की दुकनों का अवकाश

**करंट क्राइम।** साप्ताहिक बंदी अधिनियम के तहत रविवार को गाजियाबाद की सभी मशीरी मर्चेंट की दुकानें, किराना मंडी रामनगर में स्थित किराना की दुकानें, फोटो स्टेट की दुकानें, नवयुग मार्किट में स्थित थोक विक्रेता, लोहा व्यापारी तथा मैन्यूफेक्चर इंड्स्ट्रीज बंद रहेंगे। इसके अलावा बाटा इंडिया कंपनी मोहननगर, डाबर इंडिया कंपनी कौशांबी और इंडो बुल्गर फूड कंपाउंड में स्थित सभी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे।

### अगर खोलना चाहते हैं सातों दिन दुकान तो 50 प्रतिशत ज्यादा शुल्क जमा करा दें दुकानदार

**करंट क्राइम।** दुकानों की साप्ताहिक बंदी के साथ-साथ अगर कोई दुकानदार अधिक पैसे चुका सकता है तो वो सातों दिन दुकान खोल सकता है। यह नियम बनाया गया है कि जो भी दुकानदार अपने प्रतिष्ठान को सातों दिन खोलना चाहते हैं वो शासनादेश के अनुसार पंजीकरण शुल्क का 50 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क जमा करते हुए दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान में नियोजित कर्मचारियों को चक्रा अनुसार साप्ताहिक अवकाश प्रदान करते हुए दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान खोल सकते हैं।

लोनी में समस्त दुकान एवं वाणिज्य प्रतिष्ठान—शुक्रवार, लोहे का कारोबार करने वाले समस्त दुकान— शनिवार, सभी नाइयों एवं केश प्रशाधन की दुकानें— मंगलवार।

मुरादनगर में हैण्डलूम एवं पावरलूम के कारखाने—रविवार।, हैण्डलूम इण्डस्ट्रीज के अतिरिक्त अन्य दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान— गुरुवार, सभी नाईयों एवं केश प्रशाधन की दुकानें—मंगलवार।

फरीदनगर— समस्त दुकान एव वाणिज्य अधिष्ठान हैण्डलूम एवं पावरलूम के कारखाने— गुरुवार। सभी नाईयों एवं केश प्रशाधन की दुकानें—मगलवार।

पतला निवाडी में समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान— गुरुवार। सभी नाईयों एवं केश प्रशाधन की दुकानें — मंगलवार।

मोदीनगर में समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान—मंगलवार। सभी नाईयों एवं केश प्रशाधन की दुकानें— मंगलवार, मै० मोदी स्पिनिंग एवं विविंग मिल्स के सामने स्थित दुकानों को मिलाते हुए गोविन्दपुरी एवं हरमुखपुरी की समस्त दुकान एवं वाणिज्य प्रतिष्ठान— शुक्रवार।

## संपादकीय

# जीडीपी में सबसे बड़ी गिरावट

पिछले कई सालों से लोगों की आय यथावत बनी हुई है, जबकि उसकी तुलना में महंगाई काफी बढ़ चुकी है। जाहिर है, इसके चलते उपभोक्ता व्यय घटा है। ऐसी स्थिति में स्वाभाविक ही सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी की दर नीचे गई है। विदेशी मुद्रा भंडार और डालर के मुकाबले रुपए की कीमत में गिरावट आर्थिक विकास की दृष्टि से गंभीर चिंता का विषय है। डालर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर लंबे समय से नीचे का रुख किए हुए है। अब विदेशी मुद्रा भंडार भी तेजी से घटना शुरू हो गया है। बीते सप्ताह शुक्रवार को इसमें 8.48 अरब डालर की कमी दर्ज की गई। यह 2008 की मंदी के बाद अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है। इसके पिछले हफ्ते भी 1.99 अरब डालर की गिरावट दर्ज हुई थी। सितंबर में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ कर 704.88 अरब अमेरिकी डालर के अपने सर्वाधिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। मगर उसके बाद इसमें लगातार कमी दर्ज हो रही है। अब विदेशी मुद्रा भंडार गिर कर 644.87 अरब अमेरिकी डालर पर पहुंच गया है।

हालांकि यह स्तर अभी चिंताजनक नहीं माना जा सकता, मगर जिस तरह निरंतर इसमें गिरावट दर्ज हो रही है, वह अर्थव्यवस्था के लिए चिंता का विषय है। विदेशी मुद्रा भंडार गिरने का अर्थ है कि अपेक्षित विदेशी निवेश नहीं आ पा रहा। इसकी वजह भी साफ है। अमेरिकी डालर लगातार मजबूत हो रहा है, जिसके चलते विदेशी निवेशक भारत से अपना पैसा निकाल कर लगाने लगे हैं। दुनिया के कारोबार में डॉलर की अहम भूमिका दुनिया के कारोबार में डालर की स्थिति अहम भूमिका निभाती है। डालर कमजोर होता है, तो विदेशी निवेशक दूसरे देशों का रुख करने लगते हैं। मगर जैसे ही डालर मजबूत होने लगता है, वे अमेरिकी बाजार का रुख कर लेते हैं। कोरोना के बाद मंदी की मार झेल रहे अमेरिका के फेडरल रिजर्व ने अपने यहां ब्याज दरों में बदलाव किए। इससे निवेशकों को वहां निवेश करने के लिए आकर्षित करने में मदद मिली। फिर, डोनाल्ड ट्रंप के दुबारा राष्ट्रपति चुने जाने और आर्थिक नीतियों को लेकर उनके बयानों से निवेशकों में विश्वास जगा है कि निवेश की दृष्टि से अमेरिका ज्यादा फायदेमंद जगह है। इसका असर भारत के मुद्रा भंडार पर भी पड़ा है।

बेकाबू होती जा रही महंगाई, बनती जा रही गंभीर समस्या, लगातार कम हो रही रुपए की कीमत मगर केवल यही कारण प्रमुख नहीं है। सबसे अहम बात है कि हमारा व्यापार घाटा लगातार बढ़ रहा है। निर्यात पर जोर देने के बावजूद इसमें बेहतरी के संकेत नजर नहीं आ रहे। आयात लगातार बढ़ रहा है। इसका सीधा असर घरेलू उत्पादन और बाजार पर पड़ रहा है। यह अकारण नहीं है कि पिछली कुछ तिमाहियों से विनिर्माण क्षेत्र हिचकोले खाता नजर आ रहा है। सभी महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में औद्योगिक उत्पाद गिरा है। जब तक इस क्षेत्र में मजबूती नहीं आएगी, तब तक रुपए की कीमत और विदेशी मुद्रा भंडार में बेहतरी की उम्मीद धुंधली बनी रहेगी।

# बजट 2025-26 : एसोचैम ने एमएसएमई के लिए क्रेडिट फ्लो बढ़ाने की मांग की

**नई दिल्ली।** एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) ने सोमवार को कहा कि माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज (एमएसएमई) को और सशक्त बनाने और व्यापार में आसानी के लिए इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर टाउनशिप और यूनिवर्सिटी बनाने की जरूरत है। ताकि स्किल डेवलपमेंट और एंटरप्रेन्योरशिप ट्रेनिंग को प्रमोट किया जा सके। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ अपनी बजट पूर्व बैठक में, व्यापार चैंबर ने निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए कई उपायों की मांग की। चैंबर ने एमएसएमई और न्यू एज बिजनेस जैसे डेटा सेंटर, डेटा होस्टिंग और क्लाउड कंप्यूटिंग के लिए अनुमानित कराधान के दायरे को बढ़ाने की मांग की। एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर के अनुसार, इससे पूर्व निर्धारित आधार पर आय की गणना कर ऐसे करदाताओं के हाथों में अनुपालन को सरल बनाने में मदद मिलेगी, जिससे कर विवाद और मुकदमेबाजी को लेकर कमी आएगी। नायर ने कहा, यह व्यवसायों को एडवांस में कर देयता को जानते हुए जटिल ऑडिट/बुककीपिंग से बचने में सक्षम बनाता है,



जिससे व्यवसायों को बेहतर वित्तीय योजना और प्रबंधन करने में मदद मिलती है। उन्होंने देश भर में एमएसएमई (पुराने औद्योगिक एस्टेट विकास कार्यक्रम का संशोधित संस्करण) के लिए इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर टाउनशिप डेवलप करने की जरूरत पर जोर दिया। इन टाउनशिप में कॉमन टेस्टिंग और रिसर्च एंड डेवलपमेंट सुविधा केंद्र, वित्तीय संस्थान, कॉमन सर्विस प्रोवाइडर, श्रमिकों के लिए आवास, स्कूल, अस्पताल, श्रमिकों के लिए प्रशिक्षण केंद्र और निर्यात सहायता केंद्र आदि शामिल हो सकते हैं। कोलेटरल फ्री लोन की नीति के बावजूद, एमएसएमई को अभी भी ऋण प्राप्त करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। बैंक अक्सर पर्सनल प्रॉपर्टी कोलेटरल की मांग करते हैं। इसके अलावा, बैंकों द्वारा उच्च ब्याज दर भी वसूली जाती है, जिससे ऋण तक पहुंच में बाधा आती है। नायर ने कहा कि बैंकों के लिए समय-समय पर दिए गए कोलेटरल फ्री लोन की संख्या और राशि का खुलासा करना अनिवार्य किया जाना चाहिए। आगामी बजट में एमएसएमई को क्रेडिट फ्लो बढ़ाने के लिए अतिरिक्त आवंटन या शुद्ध प्रावधान किया गया है। यह ठीक उसी तरह हो सकता है जैसे कोरोना के दौरान माइक्रो और स्मॉल एंटरप्राइजेज के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) शुरू किया गया था, जो एमएसएमई के विकास को गति देने में अहम साबित हुआ

## अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर करीब 5 प्रतिशत उछला, अदाणी पोर्ट्स में भी तेजी

**मुंबई।** अदाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) के शेयर में सोमवार को जबरदस्त तेजी देखी गई। दोपहर करीब 12:07 बजे बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 6 प्रतिशत बढ़कर 2,553 रुपये पर था। शेयर का 52 सप्ताह का उच्चतम स्तर 3,743 रुपये प्रति शेयर और न्यूनतम स्तर 2,030 रुपये प्रति शेयर है। अदाणी एंटरप्राइजेज के मौजूदा बाजार मूल्य ने अपने दो अहम रुकवट स्तरों को पार कर लिया है। मौजूदा बाजार मूल्य ने सबसे पहले 2,444.93 रुपये के रुकावट स्तर को पार किया, जिसके बाद यह 2,473.37 रुपये की रुकावट को पार करने में सफल रहा। सेंसेक्स के टॉप गेनर्स में अदाणी पोर्ट्स ने अपनी जगह बनाए रखी। सुबह करीब 12 बजे अदाणी पोर्ट्स का शेयर 1.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,239.75 रुपये पर कारोबार कर रहा था। अग्रणी ब्रोकरेज फर्म वेंचुरा सिक्योरिटीज लिमिटेड ने अगले दो वर्षों में अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयरों के लिए 3,801 रुपये का बाजार मूल्य लक्ष्य निर्धारित किया है। ब्रोकरेज ने अपने लेटेस्ट नोट में कहा कि बुल केस सिनेरियो, लक्ष्य मूल्य बढ़कर 5,748 रुपये हो सकता है, जो मौजूदा भाव से 138.6 प्रतिशत अधिक है। वेंचुरा के नोट के अनुसार, अदाणी एंटरप्राइजेज मजबूत विकास पथ पर है। कंपनी का समेकित राजस्व वित्त वर्ष 2024 से 2027 तक अगले तीन वर्षों में 17.5 प्रतिशत की सीएजीआर पर 1.56 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा।




# मजबूत अर्थव्यवस्था के चलते भारतीय शेयर बाजार में 2025 में भी जारी रहेगी तेजी

**मुंबई।** भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था और लगातार इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के चलते 2025 में भी शेयर बाजार में तेजी जारी रह सकती है। यह बयान सोमवार को एक्सपर्स द्वारा दिया गया। श्रीराम एएमसी में सीनियर फंड मैनेजर, दीपक रामाराजू ने कहा कि कैपिटल गुड्स, टेक्नोलॉजी, वित्तीय सेवाएं, उपभोग और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में तेजी आने की उम्मीद है, जबकि सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक और मैन्युफैक्चरिंग, रिन्यूएबल एनर्जी और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे उभरते क्षेत्र निवेशकों का अधिक ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। 2024 भारतीय शेयर बाजार के लिए एक उतार-चढ़ाव वाला वर्ष रहा। इसकी वजह अर्थव्यवस्था का धीमा होना, तरलता की सख्त स्थिति और सरकारी खर्च में देरी होना था।



रामाराजू ने आगे कहा कि हाल ही में आरबीआई द्वारा सीआरआर में कटौती से तरलता की स्थिति में नरमी आने की उम्मीद है। साथ ही सरकारी खर्च में भी बढ़ोतरी हुई है। इन दो कारकों के कारण इंडस्ट्रियल आउटपुट और उपभोग में सुधार होने की संभावना है। अक्टूबर 2024 तक सरकार का पूंजीगत व्यय 4,66,545 करोड़ रुपये रहा। इस वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में सरकार द्वारा निवेश बढ़ाने से इन्फ्रास्ट्रक्चर, रक्षा और रेलवे जैसे क्षेत्रों में सुधार देखने को मिल सकता है। रामाराजू ने आगे विस्तार से बताया कि शहरी खपत में धीमापन होने के कारण एफएमसीजी सेक्टर पर नकारात्मक असर हुआ है, लेकिन अब इसमें रिकवरी देखने को मिल सकती है। इसकी वजह सरकारी खर्च में सुधार होना और वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में ब्याज दरों में कटौती की संभावना है। बजाज ब्रोकिंग रिसर्च टीम ने कहा कि 2024 भारतीय इक्विटी बाजारों के लिए एक उल्लेखनीय वर्ष रहा है, खासकर स्मॉलकैप और मिडकैप सूचकांकों के लिए, जिन्होंने उल्लेखनीय रूप से बेहतर प्रदर्शन किया है। टीम ने आगे कहा कि 2025 में भी स्मॉलकैप और मिडकैप का प्रदर्शन अच्छा रह सकता है।

# प्रिय एक बार मेरे गांव तू चल

प्रस्तुति करंट क्राइम

**नरेंद्र राठी**
**(कवि गाजियाबादी)**



प्रिय एक बार मेरे गाँव तू चल,
दिखाऊं झरने का जल धवल,
राम नाम की बूंदें टपके हर पल,
नदियां गीत सुनाये कल-कल,
सोंधी मिट्टी की खुशबू,
मीठी बोली बोले कोयल कू-कू,
फूस के घर में प्रेम की मिशाल दिखाऊं,
बैलों के घुंघरू की सुर ताल सुनाऊं
सरसों के खेत में बिछी चादर पीली,
दुल्हन बैठी हो जैसे नई नवेली,
तेरे शहर की हवा जहरीली,
यहां पुरवाई चले अलबेली,
पानी भरती पनीहार दिखाऊं,
गाती मीठे-मीठे मल्हार सुनाऊं,
पगडंडी और डगर-डगर दिखाऊं,
दलदल में खिलता कमल दिखाऊं,
दिखाऊं सिन्दूरी-सी प्रातः की हलचल,
प्रिय एक बार मेरे गांव तू चल.....



# भारतीय अर्थव्यवस्था में लचीलापन और स्थिरता

## आरबीआई का वित्तीय स्थितरता से जुड़ी रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था लचीलापन और स्थिरता प्रदर्शित कर रही है। 2024-25 में जीडीपी 6.6 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है। आइए इस बारे में जानें।

भारतीय अर्थव्यवस्था लचीलापन और स्थिरता प्रदर्शित कर रही है। 2024-25 में जीडीपी 6.6 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है। आरबीआई की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के अनुसार सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात कई वर्षों के निम्नतम स्तर पर पहुंच गया है।

आरबीआई रिपोर्ट की रिपोर्ट के अनुसार, एनबीएफसी पर्याप्त पूंजी बफर, मजबूत ब्याज मार्जिन और आय तथा बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता




के साथ स्वस्थ बनी हुई हैं। आरबीआई रिपोर्ट की रिपोर्ट में कहा गया है कि खरीफ की बम्पर फसल और रबी फसल की संभावनाओं के अवस्फीतिकारी प्रभाव से खाद्यान्न की कीमतों में नरमी आने की उम्मीद है।

भारतीय अर्थव्यवस्था लचीलापन और स्थिरता प्रदर्शित कर रही है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2024-25 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है।




## राशिफल

**मेष:** आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। बिजनेस में उत्तम सफलता के योग बनेंगे और मन लगाकर काम करेंगे। काम में अच्छे नतीजे देने वाला होगा।

**वृष:** आज भाग्य का आपको पूरा-पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में अपनी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आगे बढ़ने के लिए आप कुछ नया सीखेंगे।

**मिथुन:** जल्दबाजी में कोई काम न करें। पैसों की स्थिति की चिंता करनी होगी। फालतू खर्चा हो सकता है। नौकरी-बिजनेस में किसी बात को लेकर उलझनें बढ़ेगी।

**कर्क:** आज आप अपने घर परिवार को अच्छा समय देंगे। घरेलू खर्च पर भी आपका ध्यान रहेगा। कुछ चैलेंज सामने आएंगे, जिनका आप अच्छे से सामना करेंगे।

**सिंह:** आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। सोचे हुए काम को पूरा करने में थोड़ा टाइम लग सकता है। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी।

**कन्या:** कारोबार बढ़ेगा निचले स्तर के कर्मचारियों से सहयोग मिलेगा। मुलाकात खास लोगों से हो सकती है। आपकी ज्यादातर परेशानियां खत्म होने के योग हैं।

**तुला:** आज का दिन मान सामान्य रहने वाला है। आप हर काम को अच्छे तरीके से करने की कोशिश करेंगे और आप का मन भी लगेगा।

**वृश्चिक:** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस के किसी सहकर्मी से मदद मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में तरक्की होनी तय है।

**धनु:** रोजमर्रा के काम पूरे होने के योग हैं। आपके काम बनते चले जाएंगे। सोच-समझकर फैसले लेने से ही फायदा हो सकता है।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायक रहेगा। सेहत के प्रति जो लापरवाही बढ़ती है, आज उसकी वजह से आपको कुछ परेशानी हो सकती है।

**कुंभ:** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस में नये प्रयोग करने में आप सफल होंगे। आप जो भी काम करनें की सोचेंगे, उसमें सफलता मिलेगी।

**मीन:** बिजनेस न बढ़ाएं तो ही अच्छा है। जो जैसा चल रहा है चलने दें। महंगी चीजों की खरीदारी हो सकती है। कोई नया और बड़ा डिसीजन न लें तो ही अच्छा रहेगा।

## चुटकुले

पंडित जी ने कुंडली मिलाई
36 के 36 गुण मिल गए।
लड़के वालों ने मना कर दिया।
लड़की वाले हैरान हो कर पूछने लगे।
जब सारे गुण मिलते है तो आप
मना क्यों कर रहे हैं?
लड़के वाले- हमारा लड़का बिलकुल निकम्मा है।
अब क्या बहू भी उस जैसी ले आये क्या ?

---

टीचर- चांद पर पहला कदम किसने रखा?
गोलू- नील आर्मस्ट्रांग ने।
टीचर- और दूसरा?
गोलू- दूसरा भी उसी ने रखा होगा...लंगड़ी खेलने थोड़े ही गया होगा।

---

ये वो दौर है जनाब जहां इंसान गिर
जाये तो हंसी निकल जाती है
और मोबाइल गिर जाये तो
जान निकल जाती है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस । पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# खुद को नहीं पंत को सलाह देते नजर आये कप्तान रोहित

**मेलबर्न ।** खेल खेलने की अपनी उच्च जोखिम वाली शैली के कारण ऋषभ पंत की पिछली सफलताओं की प्रशंसा करते हुए, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि विकेटकीपर-बल्लेबाज को खुद और टीम के लिए चीजों को करने का सही तरीका पता लगाने की जरूरत है। हालांकि बॉक्सिंग डे टेस्ट की दोनों पारियों में रोहित खुद भी सस्ते में आउट हो गए थे।

रोहित की टिप्पणी मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया से 184 रन की हार में पंत के दो भयानक आउट होने के बाद आई है। पहली पारी में, पंत ने थर्ड मैन पर स्कूप शॉट खेला और 37 गेंदों पर 28 रन बनाकर आउट हो गए, जिसके लिए उन्हें दिग्गज सुनील गावस्कर ने कड़ी आलोचना की।

पांचवें दिन के खेल में, पंत ने उल्लेखनीय संयम दिखाने के बाद ट्रेविस हेड की गेंद पर डीप मिड-विकेट पर पुल शॉट को गलत तरीके से खेला और 104 गेंदों पर 30 रन बनाकर आउट हो गए। उनके आउट होने से भारत की टीम 340 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 155 रनों पर ढेर हो गई। आज के बारे में कोई चर्चा नहीं हुई। हम सभी निराश हैं। लेकिन फिर से, देखिए, ऋषभ पंत को यह समझने की



जरूरत है कि हममें से किसी को भी उसे बताने से ज्यादा खुद से क्या चाहिए। यह उसके बारे में है कि वह समझे और यह पता लगाए कि इसके लिए सही तरीका क्या है। अतीत में, उसने जो किया, उससे हमें बहुत सफलता मिली है। इसलिए एक कप्तान के तौर पर, इस पर मिली-जुली प्रतिक्रिया है। कभी-कभी आप उसके खेलने के तरीके के बारे में सोचना चाहते हैं; कभी-कभी, जब चीजें अच्छी नहीं लगती हैं, तो यह सभी को निराश करता है। यही सच है, यही सच्चाई है। इसमें सफलता और विफलता के बीच संतुलन बनाने की जरूरत है। कप्तान के तौर पर बातचीत करना मुश्किल है, जब इसने उसे बहुत सफलता दिलाई हो।

रोहित ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, लेकिन यह उनके लिए यह पता लगाने के बारे में है कि चीजों को करने का सही तरीका क्या है, यह परिस्थितियों के बारे में भी है। खेल की कुछ स्थितियों में, अगर जोखिम का प्रतिशत है।

तो क्या आप वह जोखिम लेना चाहते हैं? क्या आप विपक्ष को खेल में वापस आने देना चाहते हैं? ये वो चीजें हैं जिन्हें उन्हें खुद ही पता लगाने की जरूरत है। पंत के अब तक सीरीज में रन बनाने के अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में न होने के कारण, रोहित ने कहा, मैं ऋषभ को लंबे समय से जानता हूं।

# बुमराह आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए नामांकित

**दुबई ।** भारत के बेहतरीन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर की सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी के लिए नामांकित किया गया है। टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए भी नामांकित भारतीय तेज गेंदबाज के अलावा ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड और इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट और हैरी ब्रुक ने भी इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए सूची में जगह बनाई है।

बुमराह ने आठ मैचों में 15 विकेट लिए, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में दो विकेट शामिल हैं, जिससे भारत 2024 टी20 विश्व कप में अजेय रहा।

भारत के अगुआ ने 13 टेस्ट मैचों में 71 विकेट लेकर सबसे लंबे प्रारूप में भी यादगार साल बिताया, जो इस साल किसी गेंदबाज द्वारा लिए गए सबसे अधिक विकेट हैं।

ऑस्ट्रेलिया में चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में बुमराह 12.83 की औसत से 30 विकेट लेकर सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में सबसे आगे हैं। उन्होंने 200



टेस्ट विकेट भी पूरे किए और 20 से कम औसत के साथ यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले गेंदबाज बन गए।

भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के दुश्मन हेड ने भी अपने देश के लिए सभी प्रारूपों में चमकने के बाद सूची में जगह बनाई। 2023 आईसीसी विश्व कप फाइनल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बाद, हेड ने अपना फॉर्म जारी रखा क्योंकि वह 2024 टी20 विश्व कप में सात पारियों में 255 रन बनाकर तीसरे सबसे बड़े स्कोरर थे, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर भारत के खिलाफ 76 रन था। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज मौजूदा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी भी है, जिससे ऑस्ट्रेलिया को 2025 डब्ल्यूटीसी फाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए अच्छी स्थिति में पहुंचने में मदद मिली।

इंग्लैंड के प्रमुख बल्लेबाज रूट ने 17 टेस्ट में 55.57 की औसत से 1556 रन बनाए, जो 2021 में 1708 रन बनाने के बाद टेस्ट में उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ वार्षिक रन टैली है।

# बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत का पतन

## 184 रन की हार के साथ सीरीज में 1-2 से पिछड़ा

**मेलबर्न ।** बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजी का एक बार फिर पतन हो गया। यशस्वी जायसवाल को छोड़कर अन्य कोई बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के सामने टिकने का दम नहीं दिखा पाया और पूरी टीम पांचवें दिन सोमवार को मात्र 155 रन पर ढेर हो गयी। भारत को 184 रन से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा और वह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 1-2 से पिछड़ गया।

भारत ने दूसरे सत्र के तीन विकेट पर 112 रन के स्कोर से अंतिम सत्र में अपने आखिरी सात विकेट 20.3 ओवरों में सिर्फ. 34 रनों के भीतर गंवाए। जब दूसरे सत्र में एक भी विकेट नहीं गिरा और यशस्वी जायसवाल-ऋषभ पंत ने एक बढ़िया साझेदारी की,



तो लगा कि भारत यह मैच ड्रॉ करा सकता है। लेकिन यही क्रिकेट है, जिसे अनिश्चितताओं का खेल कहा जाता है। इस जीत के साथ अब ऑस्ट्रेलिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में भारत से काफी आगे पहुंच गया है।

प्लेयर ऑफ द मैच ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने तीन-तीन विकेट चटकाकर भारत को शिकस्त झेलने के लिए मजबूर किया।

चाय के समय तक जायसवाल ने संयमित अर्धशतक लगाया और ऋषभ पंत ने उल्लेखनीय संयम दिखाया। लेकिन रोमांचक टेस्ट मैच के अंतिम सत्र में पंत ट्रेविस हेड का शिकार हो गए और इससे ऑस्ट्रेलिया के लिए बढ़त बनाने का रास्ता खुल गया, और भारतीय पारी का पतन हो गया।

भारत के 20.3 ओवर में 34 रन पर अपने आखिरी सात विकेट गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने अब सिडनी में होने वाले अंतिम मैच से पहले पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। भारत के लिए, वे निराश होंगे क्योंकि यह एक ऐसा मैच था।

# हार बहुत निराशाजनक है : रोहित शर्मा

**मेलबर्न ।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में सोमवार को मिली 184 रन की शर्मनाक हार के बाद इसे निराशाजनक बताया।

रोहित ने मैच के बाद कहा, यह बहुत निराशाजनक है। ऐसा नहीं है कि हम हार मानने के इरादे से ही मैदान में उतरे थे। हम अंत तक लड़ना चाहते थे और दुर्भाग्य से हम ऐसा नहीं कर पाए। सिर्फ. पिछले दो सत्रों का आकलन करना मुश्किल होगा। अगर आप पूरे टेस्ट मैच को देखें, तो हमारे पास मौके थे, लेकिन हम उनका फायदा नहीं उठा पाए जैसे ऑस्ट्रेलिया के 6 विकेट 90 रन पर गिर गए थे।"

भारतीय कप्तान ने कहा, " हम जानते हैं कि हमारे लिए अब हालात मुश्किल हैं, लेकिन हम मुश्किल परिस्थितियों में मुश्किल क्रिकेट खेलना चाहते हैं। मैं सिर्फ.एक परिस्थिति पर गौर नहीं करना चाहता। हम इस मैच में बेहतर नहीं थे। उन्होंने हमें कड़ी टक्कर दी, खासकर दूसरी पारी में



उनकी आखिरी विकेट की साझेदारी, जिसकी वजह से शायद हम यह मैच हार गए। उन्होंने कहा,"हम जानते थे कि 340 रन बनाना आसान नहीं होगा। हमने आखिरी दो सत्रों में एक प्लेटफॉर्म सेट करके विकेट बचाए रखने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने शानदार गेंदबाजी की। हम लक्ष्य हासिल करना चाहते थे।

# जायसवाल को आउट दिए जाने के बाद गावस्कर भड़के

**मेलबर्न ।** बीच चौथे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल को पैट कमिंस की गेंद पर तीसरे अंपायर ने आउट का फैसला दिया। इस फैसले के बाद काफी बवाल मचा हुआ है। पूर्व भारतीय क्रिकेट सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री ने कॉमेंट्री के दौरान इस मामले पर आपत्ति जताते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है। एक तरफ गावस्कर ने इस फैसले को पूरी तरह से गलत बताया, वहीं दूसरे तरफ रवि शास्त्री ने स्निको को ऑस्ट्रेलिया का छठा गेंदबाज बोल दिया।

भारत की दूसरी पारी के 71वें ओवर में जायसवाल ने कमिंस की



शॉर्ट पिच गेंद को पुल करने का प्रयास किया था लेकिन गेंद उनके बल्ले के काफी करीब से निकली और कीपर ने पीछे कैच किया।

ऑस्ट्रेलिया ने अपील की लेकिन फील्ड अंपायर जोएल विल्सन ने नकार दिया। कमिंस ने इस फैसले के खिलाफ रिव्यू लिया और फैसला तीसरे अंपायर बांग्लादेश के शर्फुद्दौला के पास चला गया।

तीसरे अंपायर ने जब स्निको पर इस कैच को चेक किया तो कोई भी डिफलेक्शन नहीं दिख रहा था। लेकिन नॉर्मल वीडियो में दिख रहा था कि गेंद यशस्वी के ग्लब्स के करीब से डिफलेक्ट हो रही थी। तीसरे अंपायर ने नॉर्मल वीडियो के डिफलेक्शन पर भरोसा किया और स्निको को नकारते हुए आउट का फैसला दिया।

इसके बाद कमेंट्री कर रहे गावस्कर ने कहा, यह फैसला पूरी तरह से गलत है। तीसरे अंपायर को सबूत चाहिए और तीसरे अंपायर को उसी हिसाब से निर्णय देना होगा। अगर फील्ड अंपायर ने कोई फैसला दिया है तो उसको बदलने के लिए पर्याप्त सबूत चाहिए होते हैं, जो इस केस में नहीं था। ऐसे में आप तकनीक का प्रयोग क्यों ही कर रहे हैं। वीडियो में जो दिख रहा है, वह ऑप्टिकल इल्यूजन भी हो सकता है।

वहीं शास्त्री ने कहा, बहुत कम



बार ऐसा फैसला होता है, जहां पर स्निको में कुछ नहीं दिखता और आप फील्ड अंपायर के नॉट आउट के फैसले को बदल कर आउट का फैसला लेते हैं। आज ऐसा लग रहा है कि स्निको ऑस्ट्रेलिया का छठा बोलर है।

यशस्वी का यह फैसला मैच के नतीजे के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण था। उन्होंने अपनी पारी में कुल 208 गेंदों को सामना किया और 82 रन बनाए। वह ऑस्ट्रेलिया और जीत के बीच में एक दीवार की तरह खड़े थे, लेकिन उनके आउट होने के बाद भारतीय टीम भरभरा कर आउट हो गई। 184 रनों से यह मैच जीतकर ऑस्ट्रेलिया इस सीरीज में 2-1 से आगे हो गया है।

# मेलबर्न में भारत पर जीत मेरे खेले गए सर्वश्रेष्ठ मैचों में से एक है: कमिंस

**मेलबर्न ।** कमिंस को मैच में उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए जॉनी मुलाघ मेडल से सम्मानित किया गया, जिसका नाम 1868 में इंग्लैंड के आदिवासी दौरे पर आए स्टार खिलाड़ी के नाम पर रखा गया। कमिंस ने बल्ले से 49 और 41 रनों की महत्वपूर्ण पारियां खेलीं, जबकि गेंद से 3-89 और 3-28 के आंकड़े हासिल करके ऑस्ट्रेलिया को यादगार जीत दिलाई।

उन्होंने मैच के बाद की प्रस्तुति समारोह में कहा, यह एक बेहतरीन टेस्ट मैच था, मुझे लगता है कि यह उन सबसे बेहतरीन मैचों में से एक है जिसका मैं हिस्सा रहा हूं। पूरे हफ़्ते दर्शकों की भीड़ कमाल की रही और इसका हिस्सा बनना शानदार रहा। मार्नस ने दूसरी पारी में मेरी बहुत मदद



की, योगदान देकर खुश हूं।

उन्होंने यह भी बताया कि कैसे

**ऑस्ट्रेलिया द्वारा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 2-1 की बढ़त लेने के बाद, कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत पर 184 रनों की जीत उनके द्वारा खेले गए सर्वश्रेष्ठ मैचों में से एक है**

पहली पारी के बड़े स्कोर और निचले क्रम के योगदान ने ऑस्ट्रेलिया को मैच में निर्णायक क्षणों को भुनाने में मदद की। स्टीव की शानदार पारी, टॉस जीतना, पहले दिन आसान नहीं था, 400 के पार पहुंचना शानदार था। हमने अपने निचले क्रम की बल्लेबाजी पर बहुत काम किया, हम इस बात पर बहुत काम करते हैं कि विपक्षी बल्लेबाजों को सबसे पहले कैसे गेंदबाजी करनी है, लेकिन साथ ही हम बल्ले से कैसे योगदान दे सकते हैं।

कमिंस ने यह भी खुलासा किया कि रातों-रात पारी घोषित न करने का फैसला भारत की जीत की संभावनाओं को कम करने के लिए था। हम भारत की जीत को समीकरण से बाहर करना चाहते थे ।

# पश्चिम बंगाल और केरल संतोष ट्रॉफी के फाइनल में भिड़ेंगे

**हैदराबाद।** डेढ़ महीने और 87 मैचों के बाद, यह सब 90 मिनट या संभवतः 120 मिनट या उससे अधिक का समय होगा, हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी



एथलेटिक स्टेडियम में, जहां पश्चिम बंगाल मंगलवार को 78वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए संतोष ट्रॉफी 2024-25 के फाइनल में केरल से भिड़ेगा भारतीय फुटबॉल हब का टैग पाने वाले दो राज्य राष्ट्रीय चैंपियनशिप के शिखर पर कोई अजनबी नहीं हैं, पश्चिम बंगाल रिकॉर्ड 47वें फाइनल के लिए तैयार है, जबकि केरल संतोष ट्रॉफी में अपना 16वां शिखर मुकाबला खेलेगा।

# रोहित और विराट को बाहर बैठाने के लिए हिम्मत की जरूरत है: सुरिंदर खन्ना

**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज सुरिंदर खन्ना ने सोमवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में 184 रन से मिली हार के बाद खराब फॉर्म में चल रहे सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली को बेंच पर बैठाने की मांग की है।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, जो पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के पहले टेस्ट से चूक गए थे, इस दौरे पर रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। तीन टेस्ट की पांच पारियों में उन्होंने केवल 31 रन बनाए हैं। इतना ही नहीं, भारतीय कप्तान ने अपनी बल्लेबाजी की स्थिति को मध्य क्रम से शीर्ष क्रम में बदल दिया है और इससे उन्हें कोई फायदा नहीं हुआ है।

दूसरी ओर, कोहली अपनी पर्थ की शतकीय पारी को अगली पांच पारियों में दोहराने में विफल रहे हैं। उन्होंने दौरे के आखिरी तीन टेस्ट में 7, 11, 3, 36 और 5 रन बनाए हैं। ऑफ स्टंप के बाहर उनका संघर्ष पूर्व







कप्तान के लिए एक बड़ी चिंता का विषय रहा है। बॉक्सिंग डे टेस्ट की पहली पारी में अच्छी तकनीक दिखाने के बावजूद कोहली स्थिर शुरूआत को बड़े स्कोर में बदलने में विफल रहे और फिर दूसरी पारी में भी यही गलती की।

खन्ना ने आईएएनएस से कहा, "रोहित शर्मा और विराट कोहली पूरी तरह से फॉर्म में नहीं हैं। जब आपके मुख्य बल्लेबाज फॉर्म में नहीं होते और आपके पास पर्याप्त रन नहीं होते, तो टेस्ट मैच जीतना मुश्किल होता है। ऑस्ट्रेलिया ने परिस्थितियों के अनुसार बेहतर क्रिकेट खेला और अच्छा संयोजन बनाया। हमारे युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, (नितीश कुमार) रेड्डी ने अपने पहले दौरे में शतक बनाया और (यशस्वी) जायसवाल अच्छा खेल रहे हैं।

# डिफेंडर्स के दम पर हरियाणा स्टीलर्स पहली बार बने पीकेएल चैंपियन

**पुणे ।** हरियाणा ने बीते साल भी फाइनल खेला था लेकिन वह पुनेरी पल्टन से हार गई थी।

इसे हरियाणा के डिफेंडर्स बनाम पटना के रेडर्स का मुकाबला कहा जा रहा था और हरियाणा के डिफेंडर्स ने 11 के मुकाबले 16 अंकों के साथ लट्ठ गाड़ते हुए अपना वर्चस्व साबित किया और इस दौरान उन्होंने पटना के दोनों स्टार रेडर्स- देवांक (5) और अयान (3) को पूरी तरह रोके रखा। पटना के लिए डिफेंडर गुरदीप ने सबसे अधिक 6 अंक लिए।

दूसरी ओर, हरियाणा के लिए शिवम पटारे (9) और मोहम्मदरेजा शादलू (7) ने दोनों विभागों में अपना कमाल दिखाया और राहुल सेतपाल (3) तथा जयदीप (2) के साथ मिलकर पटना के रेडरों की नकेल कसते हुए बतौर कोच मनप्रीत सिंह को चौथे प्रयास में पहला खिताब दिलाया।

बहरहाल, पहले खिताब की



आस में हरियाणा ने मनमाफिक आगाज के साथ शुरूआती 10 मिनट में 7-5 की बढ़त बना ली थी। इस दौरान दोनों टीमें डिफेंस में 3-3 से बराबरी पर रहीं लेकिन अयान और देवांक की नाकामी के कारण पटना रेडिंग में 4 के मुकाबले सिर्फ दो अंक ले सके। साथ ही शिवम पटारे पर लगाम नहीं लगा पाना भी उसे भारी पड़ता दिख रहा था।

ब्रेक के बाद हालांकि देवांक ने

**अपने डिफेंडर्स के शानदार प्रदर्शन की बदौलत हरियाणा स्टीलर्स ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में रविवार रात को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के फाइनल मुकाबले में तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स को 32-23 के अंतर से हराते हुए पहली बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है**

शादलू की छुट्टी कर वापसी के संकेत दिए। इसके बाद अयान ने भी अपने हाथ खोले और मल्टीप्वाइंटर के साथ स्कोर बराबर कर हरियाणा को सुपर टैकल सिचुएशन में ला दिया। अगली रेड पर शिवम ने अयान को सुपर टैकल कर हरियाणा को लीड दिला दी। शिवम डिफेंस में लगातार अंक ले रहे थे । हरियाणा 12-9 से आगे हो गए थे।

इसके बाद अंकित ने विनय को लपका तो जयदीप ने देवांक को लपक इसका जवाब दिया। फिर नवीन ने डू और डाई रेड पर अंकित का शिकार कर लीड 4 कर दी। इसके बाद राहुल ने अयान को बैकहोल्ड कर लिया। पटना के लिए अब सुपर टैकल आन था। गुरदीप ने इसका पूरा लाभ लिया और शिवम को सुपर टैकल कर हाफटाइम तक स्कोर 12-15 कर दिया। हाफटाइम के बाद सुधाकर ने नवीन को आउट कर देवांक को रिवाइव करा लिया।

# रमीज राजा सैफी और नौमान सैफी का वेडिंग रिसेप्शन धूमधाम से संपन्न



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व पार्षद जाकिर सैफी पूर्व पार्षद नर्गिस सैफी के सुपुत्रों रमीज राजा सैफी और नौमान सैफी के निकाह का वेडिंग रिसेप्शन धूमधाम से संपन्न हुआ। राजनगर एक्सटेंशन में आयोजित इस समारोह में समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर वर वधु को आशीर्वाद शुभाशीष प्रदान किया।




## बूथ अध्यक्ष के घर पर बजा ढोल तो मडंल प्रधान का निकलेगा जुलूस

फूल वाले इन दिनो अपने देवतुल्यों को फुल तरीके से फील करा रहे हैं कि जो कुछ हो तुम ही हो। बूथ वाली तख्ती भी घर के आगे ढोल बजा कर लगाई गई। सुना है कि चार मौहल्लों वाले मडंल की प्रधानी के लिये बड़े बड़े भगवा सूरमाओं के फोन पहुंचें हैं और मजे की बात ये है कि किसी का शिजरा निकालने के लिये लखनऊ दिल्ली वालों को एक्सट्रा प्रयास करना ही नही पड़ा है। मौहल्ले के दावेदार ही फुल इवीडेंस लेकर फुल काफिडेंस के साथ तमाशा देखने को तैयार है। इस बीच मडंल अध्यक्ष के लिये राष्ट्र वालों की सिफारिश का जिक्र चला तो पुराने भाजपाई ने ही नाम न छापने की शर्त पर कहा कि भाईसाहब बीस साल पहले मैं भी मडंल का प्रधान रहा लेकिन ऐसी ले लो दे लो पहली बार मचते देख रहे हैं। मुझे तो लग रहा है कि बूथ अध्यक्षों के घर के बाहर ढोल बजा था तो इस हिसाब से मडंल प्रधान का तो मडंल की हर गली से हर मौहल्ले से जुलूस निकलेगा। मौहल्ले को पता तो चले कि फूल वालों का मडंल अध्यक्ष बना है ये।

## किस की खुली जुबान ये साठ तो बना रहे हैं मुझे हटाने का प्लान

फूल वालों के गढ़ में फूल खिला हैं और कमाल ये है कि फूल वालों को ही फूल वालों से गिला है। फूल वालों की बधाई से फूल वाले ही दूरी बना लेते हैं।लोकसभा विधानसभा तो छोड़ो नगर निगम में भी उलझने का सीन बिटवीन द कमल फ्लावर ही है। नदिया पार की पार्षद मैडम कार्यकारिणी वाला पर्चा ले लेती हैं तो निगम की मुखिया उनकी क्लास लगाती हैं लेकिन जब शहर वाले निगम खलीफा पर्चा भरकर छूमतंर हो जाते हैं तो बड़ी मैडम के कोई जतंर काम नही आते और वो कार्यकारिणी में बैक हो ही जाते हैं जिस सदन में 100 में से 75 फूल हैं वहां का सीन भी कूल नही बताया जाता है। उस पर भी सितम ये हैं कि जो विपक्ष में हैं वो मौज में हैं और फौजदारी का सीन पक्ष वालों में हो रहा है। अब किस ने क्या कहा और किस ने क्या सुना से भी ज्यादा वो बात है जो फूल वाले एक्स पार्षद ने कही। उसने कहा कि निगम में तो हमारे 75 हैं तो उन्होने 60 ही क्यों कहें हैं। पता तो चले कि वो कौन से 15 हैं जो लोटे के नमक से अलग जा रहे हैं। सबसे बड़ी बात तो ये हैं कि उनकी जुबान पर साठ के नाम आये हैं तो इसका मतलब ये है भले ही फूल वाले अलग अलग चल रहें हो मगर निगम के सदन में निर्दलीय बिल्लू से लेकर कांग्रेस वाले मुलायम और पतंग वालेऔवेसी वाले उनके साथ हैं।

## डोंट वरी उनसे पहले भी तो वो चार दल बदल ही चुके हैं जनरली

फौज वाले साहब की रवानगी हो चुकी है और उनके खिलाफ छिपी हुई सियासी जंग करने वाले इन दिनो फुल रंग में हैं। भगवा गढ़ की इस कहानी का टवीस्ट ये भी तो है कि वो भी अब इस बात की लिस्ट बनाये बैठें हैं कि वहां किस किस ने सलामी दी हैं। जिक्र चला और उन नामों की फिक्र हुई तो कहने वाले कहा कि किस का जिक्र और किस बात की फिक्र। उसने बताया कि यादव जी इससे पहले भी जनरली चार दल बदल चुके हैं। उनके विजिटिंग कार्ड ही बता देगें कि वो कांग्रेस में भी रहें फिर वो बसपाई भी हो गये थे और सुनो समाजवादी के नेता भी रहे हैं वो और अब भाजपाई तो हैं हीं। ऐसे वहां एक नही अनेक हैं और ये सब मिलकर कोई नया घर आज नही तो कल पकड़ ही लेगें और कहेगें कि आवाज दो हम एक हैं। सुनो हैं ऐसे ऐसे वहां एक नही अनेक हैं।




## कमिश्नरेट में कैसी कटेगी आज की रात

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद को बने दो साल हो गए हैं। आज की रात के बाद यह तीसरे साल की ओर प्रवेश लेने वाला है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट के लिए आज पुलिस की एक्स्ट्रा एलर्टनेस देखने को मिलेगी। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि बीते कई दिनों से चेकिंग से लेकर सर्चिंग वाला अभियान चल रहा है। बीते कई दिनों से चेकिंग अभियान और नए साल के दौरान हुड़दंग, हो हल्ला और हंगामा न हो इसको रोकने के लिए कई स्तर पर प्लानिंग की गई है। खुद सिटी वाले साहब से लेकर नदियापार व देहात वाले साहब लोगों को सुपर बॉस से निर्देश दिए गए हैं। इन सभी का मंगलवार की देर रात से रीयल टेस्ट रहने वाला है। इसके साथ ही बीते दिनों सिटी के जिस इलाके में सड़क पर हंगामा बरपा था। वहां से लेकर नदिया पार वाली एलिवेटेड रोड पर खास पहरा देखने को मिलेगा। वहीं हर थानाक्षेत्र में रात वाली व्यवस्था से लैस रहने वालों को चालान और हवालात दोनों का इंतजाम करने के अधिकारियों के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि मंगलवार को कमिश्नरेट में कोई अमंगल ना हो। इसके लिए हर जोन के साहब और सर्किल वाले साहब से लेकर इलाके वाले कोतवाल सड़क पर रात को 11 बजे से एक बजे देर रात तक नजर आएंगे और वह एक्टिव वाले मोड में रहेंगे। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि कई स्थानों पर पुलिस क्विक रिएक्शन टीम तैनात कर स्थिति को कंट्रोल करने का काम करेगी। बताया जा रहा है इसके लिए ड्रोन कैमरे और सीसीटीवी फीड का भी सहारा लिया जाएगा। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में देखना होगा सबसे ज्यादा शांति के साथ न्यू ईयर का सेलिब्रेशन किस जोन में होता है और कहां हंगामा और पुलिस का डंडा चलता है। वैसे जिस तरीके से बीते दो दिनों से ठंड वाला माहौल बना है, इससे न्यू ईयर का जश्न गम और जोशीला होने वाला बताया जा रहा है। वहीं सरकार की ओर से लीकर शॉप एक घंटे अतिरिक्त खोलने के आदेश हैं, तो पुलिस भी अपना चालान और सख्ती वाला प्लान अपनाने के लिए रेडी है। कुल मिलाकर साल की अंतिम रात कैसे कटेगी यह पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के प्रत्येक जोन में देखने लायक रहेगा और कौन सा सर्किल सबसे शांत और कौन सा सबसे अशांत रहता है ,यह भी महत्वपूर्ण होगा।



# पुलिस ने 3 साइबर ठग किए अरेस्ट, 31 घटनाओं में साढ़े चार करोड़ की ठगी करना कबूला

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद साइबर क्राइम टीम ने तीन ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने देश के अलग-अलग राज्यों में साइबर फ्रॉड की 31 घटनाओं को अंजाम दिया था। इन घटनाओं में इन्होंने साढे चार करोड़ रुपए की ठगी की थी। पकड़ा गया गैंग लीडर वेस्ट बंगाल का रहने वाला है और उसने एमएससी कंप्यूटर साइंस है वही एक युवक बीएससी पास है।

गाजियाबाद में एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद राय ने बताया कि जिले की साइबर थाना पुलिस ने पश्चिम बंगाल के निवासी अमित राय, उत्तर प्रदेश के बिजनौर के रहने वाले विवेक और दिल्ली के रहने वाले राहुल को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक इन लोगों ने देश के अलग-अलग राज्यों में 31 साइबर फ्रॉड की घटनाओं को अंजाम दिया है। जिसमें 4:50 करोड रुपए की ठगी इन्होंने की है। पुलिस पूछताछ में पता चला है की अमित राय इस गैंग का लीडर है जो अपने साथियों के साथ मेट्रोपॉलिटन सिटी में रुकता था और रेकी करने के बाद ऐसे बैंक में पहुंचता था जहां उसे पता होता था कि बड़े अमाउंट का चेक लगाया जाएगा। यहां वह बैंक कर्मचारी या गार्ड से कहता कि उसने जो चेक ड्रॉप बॉक्स में डाला है उसमें कुछ गलती हो गई है। ऐसे में वह ड्रॉप बॉक्स खुलवाकर चेक निकाल लेता। केमिकल से उसका पेयर का नाम हटाकर अपने खुलवाए हुए खाते में डलवा देता। इसके लिए इन्होंने कुछ गरीब लोगों के खाता भी खुलवाए थे। जिनको यह 5 से 7 हजार रुपए प्रति खाते देते थे।



इनके गैंग की गई प्रमुख घटनाओं में गुजरात के राजकोट निवासी ऋद्धि शाह के साथ 3.66 करोड़ अहमदाबाद निवासी जिग्नेश भाई के साथ 44 लाख, आनंद निवासी किशोर भाई के साथ 39 000 हजार जैसी घटना हैं। पुलिस अभी इनके बाकी साथी उत्तम दा, मुकेश चौहान, विक्की यादव और राहुल को तलाश रही है।

# एमडी कॉलेज मैदान को लेकर कॉलेज व पालिका प्रशासन आमने-सामने

## कॉलिज प्रशासन ने खाली मैदान पर जताया अपना हक, एसडीएम ने दिये जांच के आदेश

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** महर्षि दयानन्द इंटर कॉलिज खेल मैदान की खाली पड़ी भूमि का विवाद एक बार फिर खुलकर सामने आ गया है। कॉलिज प्रशासन ने तहसील पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए खाली पड़ी भूमि को अपना बताते एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा, उधर नगर पालिका चेयरमैन ने खाली पड़ी भूमि को राज्य सरकार में निहित होने की बात कही है और कहा कि शासन ने पालिका को उक्त जमीन का स्वामित्व सौंपा है। गोविन्दपुरी स्थित महर्षि दयानन्द इंटर कॉलिज मैदान की खाली पड़ी लगभग 65000 वर्गगज भूमि को लेकर कॉलिज प्रशासन व नगर पालिका अब आमने सामने आ गये हैं।




# जिला सहकारी बैंक की शाखा नये भवन में स्थानांतरित

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** जिला सहकारी बैंक गाजियाबाद की शाखा कस्बा रोड के जर्जर भवन से अब नये भवन में स्थानांतरित हो गई है। जिसका विधिवत ढंग से सोमवार को शुभारंभ किया गया। दिल्ली-मेरठ रोड स्थित भगवान गंज मंडी के सामने जिला सहकारी बैंक के नये भवन में कस्बा रोड स्थित शाखा का स्थानांतरण हो गया। जिसका सोमवार को बतौर मुख्य अतिथि जिला सहाकारी बैंक गााजियाबाद के सभापति, अध्यक्ष व पूर्व ब्लाक प्रमुख कृष्णवीर सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी संदीप सिंह, भाजपा नेता विनोद गोस्वामी, गन्ना समीति के चेयरमैन राज चौधरी, विभिन्न समितियों व वी पैक्स समितियों के चेयरमैन, निवाड़ी नगर पंचायत के अध्यक्ष अनिल त्यागी, सहित अनेक हस्तियों ने कार्यक्रम में शिरक्त की।





# नई पहल : डॉ. केएन मोदी ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने कर्मचारियों को बांटे गर्म कपड़े



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** बढ़ती ठंड के मौसम को देखते हुए सोमवार को डॉ. केएन मोदी फाउंडेशन द्वारा डॉ. केएन मोदी फाउंडेशन में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी महिला व पुरुष लगभग 200 कर्मचारियों को जैकेट एवं शॉल का वितरण किया गया। आयोजित कार्यक्रम में वितरण का कार्य डॉ0 केएन मोदी ग्लोबल स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा कराया गया, ताकि छात्रों के मन में भी समाज सेवा का भाव उत्पन्न हो सके। इस अवसर पर एचआर मैनेजर हरिओम शर्मा, गिन्नी देवी मोदी बीएड प्रिंसिपल एकता भारद्वाज, डॉ. केएन मोदी ग्लोबल स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. वीके राणा एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, डॉ. दीपंकर शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बदमाश की पुलिस से मुठभेड़, एक साथी फरार

## हथियार, कारतूस और बाइक बरामद

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना ट्रोनिका सिटी क्षेत्र में पुलिस और दो बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई है। यह बदमाश शातिर लुटेरे हैं और लूट के लिए स्पोर्ट्स बाइक का प्रयोग करते हैं। मुठभेड़ के बाद जहां एक बदमाश पकड़ा गया है वहीं उसका साथी फरार हो गया है। जिसके लिए कांबिंग की जा रही है। पकड़े गए बदमाश से लूटा गया मोबाइल, हथियार और स्पोर्ट्स बाइक बरामद हुई है। गाजियाबाद में एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस गेट नंबर 3 के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए। जिनको रोकने का प्रयास किया गया तो बाइक घुमा कर भागने लगे। इसी दौरान बदमाशों ने पुलिस को पीछे आता देखा तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल हुआ तो वहीं दूसरा फरार हो गया जिसके लिए कांबिंग की जा रही है। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम आमिर पुत्र अशफाक निवासी अशोक विहार लोनी बताया। यह बदमाश स्पोर्ट्स बाइक पर लूट की वारदात को अंजाम दिया करते थे। उनके कब्जे से पल्सर ठर 160 बाइक, हथियार, कारतूस और लूटा गया मोबाइल बरामद हुआ है गिरफ्तार किए गए आरोपों के खिलाफ लूट चोरी और हत्या के प्रयास के मुकदमे दर्ज है।



# सुचिर बालाजी की मौत को मां ने बताया हत्या

## एफबीआई से की जांच करने की मांग, एलन मस्क ने किया समर्थन

**सैन फ्रांसिस्को ।** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय-अमेरिकी और ओपन एआई व्हिसलब्लोअर सुचिर बालाजी की मौत पर उनकी मां ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने बालाजी की मौत को हत्या करार देते हुए एफबीआई से जांच की मांग की है। इसका दिग्गज अरबपति एलन मस्क ने समर्थन किया है।



26 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी और ओपन एआई व्हिसलब्लोअर सुचिर बालाजी का शव सैन फ्रांसिस्को में उनके अपार्टमेंट में पाया गया था। सैन फ्रांसिस्को के मुख्य चिकित्सा परीक्षक कार्यालय ने उनकी मृत्यु का कारण आत्महत्या बताया था। पुलिस ने भी उनके अपार्टमेंट में किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि के सबूत नहीं पाए थे। इसे लेकर सुचिर बालाजी की मां ने सवाल उठाए हैं। उनकी मां पूर्निमा राव ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि निजी शव परीक्षण और जांच के जरिये सामने आए साक्ष्य आत्महत्या के निष्कर्ष पर संदेह पैदा करते हैं।

उन्होंने लिखा कि सुचिर के अपार्टमेंट में तोड़फोड़ की गई थी। बाथरूम में संघर्ष के निशान थे और खून के धब्बों को देखकर ऐसा लग रहा था कि किसी ने उसे बाथरूम में मारा था। यह एक निर्दयी हत्या है। जिसे अधिकारियों ने आत्महत्या घोषित किया है। सैन फ्रांसिस्को शहर में पैरवी हमें न्याय पाने से नहीं रोक सकती। हम एफबीआई जांच की मांग करते हैं।

इसके जवाब में एलन मस्क ने लिखा कि यह आत्महत्या जैसा नहीं लगता।

**सुचिर बालाजी ने ओपन एआई में एक शोधकर्ता के रूप में काम किया था, लेकिन इस साल की शुरूआत में उन्होंने कंपनी छोड़ दी। कंपनी के खिलाफ बयानबाजी और कॉपी करने के आरोप के बाद उनका कंपनी में लगातार विरोध हो रहा था। कंपनी छोड़ने के बाद उन्होंने खुलकर यह बात कही कि एआई बनाने वाली कंपनी यानी ओपनएआई ने ऑनलाइन डेटा की नकल करके और इंटरनेट पर मौजूद किसी भी चीज की कॉपी करके कॉपीराइट कानून का उल्लंघन किया है**

# बतौर राष्ट्रपति वाहवाही नहीं बटोर पाए जिमी बाद में मिला नोबेल, विदेश नीति में प्रतिष्ठा भी बढ़ी

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर का 100 साल की उम्र में निधन हो गया। वह अमेरिका के 39वें राष्ट्रपति थे। वह इस पद पर 1977 से 1981 तक रहे। हालांकि, कार्टर से जुड़ी दिलचस्प बात यह है कि जब वह राष्ट्रपति थे, तब उनके कदमों को कभी ज्यादा नहीं सराहा गया। मगर बाद में उन्हें मानवीय कार्यों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार मिला। इतना ही नहीं, उन्हें इस्राइल और मिस्र के बीच शांति स्थापित करने का श्रेय भी दिया गया।



दिसंबर 1978 में कार्टर ने इस बात पर विश्वास जाहिर किया था कि अमेरिकी रणनीतिक निर्णयों को विदेश नीति में मानवाधिकारों के पालन के आधार पर आकार देना चाहिए। उन्होंने कहा था, 'मानवाधिकार हमारी विदेश नीति की आत्मा है क्योंकि मानवाधिकार हमारी राष्ट्रीय पहचान की आत्मा है।'

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति के विदेशी मामलों में कुछ उल्लेखनीय योगदान रहे। सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि 1978 के कैंप डेविड समझौते के रूप में सामने आई। इस समझौते में कार्टर, इस्राइली प्रधानमंत्री मेनाकेम बेगिन और मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात ने हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत बेगिन ने 1967 के छह दिन युद्ध में इस्राइल द्वारा कब्जा किए गए सिनाई प्रायद्वीप को मिस्र को सौंपने का वादा किया था, जिसके बदले में मिस्र ने शांति और पूर्ण कूटनीतिक रिश्ते स्थापित किए।

### 25 साल बाद मिला सम्मान

यह समझौता कार्टर के इस विश्वास को दिखाता है कि अमेरिकी कूटनीति से शांति स्थापित की जा सकती है और राष्ट्रपति को संघर्ष समाधान के लिए साहसिक कदम उठाने चाहिए। राष्ट्रपति कार्यकाल के बाद उनका विदेश नीति में योगदान और मानवाधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता बढ़ी। आखिरकार 25 साल बाद उनकी मेहनत रंगव लाई। साल 2002 में उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जहां उनकी कोशिशों को सराहा गया।

# महिलाओं को देखने से, तालिबान ने अब खिड़कियों पर लगाया प्रतिबंध

**काबुल :** तालिबान के सर्वोच्च नेता ने एक आदेश जारी कर आवासीय भवनों में उन खिड़कियों के निर्माण पर रोक लगा दी है, जिनसे ऐसी जगहों को देखा जा सके जहां अफगान महिलाएं आमतौर पर काम करती हैं या इकट्ठा होती हैं, जैसे आंगन, रसोई और कुएं।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तालिबान सरकार के प्रवक्ता की ओर से शनिवार देर रात जारी एक बयान के अनुसार, नई इमारतों में ऐसी खिड़कियां नहीं होनी चाहिए, जिनसे 'आंगन, रसोई, पड़ोसी का कुआं या आमतौर पर महिलाओं द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली अन्य जगहों' को देखा जा सके।

सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद की ओर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए गए फरमान के अनुसार, ह्लरसोई, आंगन में काम करने वाली महिलाओं या कुओं से पानी भरती महिलाओं को देखना 'अश्लील कृत्य' को जन्म दे सकता है।

नगर निगम के अधिकारियों और अन्य संबंधित विभागों को निर्माण स्थलों की निगरानी करने का निर्देश दिया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी ऐसी खिड़की न बन सके जिससे पड़ोसी का घर दिखता हो।

ऐसे मामलों में जहां ऐसी खिड़कियां पहले से मौजूद हैं वहां प्रॉपर्टी मालिकों को पड़ोसियों को परेशानी से बचाने के लिए दीवारें बनाने या खिड़की को ब्लॉक करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

# अल्पसंख्यकों की रक्षा में मदद करें डोनाल्ड ट्रंप

**वॉशिंगटन ।** बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के साथ शुरू हुई हिंसा ने बांग्लादेश की राजनीति पूरी तरह से बदल दी। इसी बीच बांग्लादेश में बढ़ते धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार की खबरों को देखते हुए बांग्लादेशी अमेरिकी हिंदुओं, बौद्धों और ईसाइयों के एक गठबंधन ने अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ज्ञापन भेजा है। इसमें समूह ने ट्रंप से बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों की रक्षा में मदद करने का आग्रह किया है।



### चिन्मय दास की रिहाई की भी उठाई मांग

समूह ने ट्रम्प से संत चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया, जिन्हें देशद्रोह के आरोप में गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि इस्कॉन नेता चिन्मय दास को 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था।

उन पर आरोप है कि उन्होंने बांग्लादेश के झंडे का अपमान किया था। चटगांव की अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी और उन्हें जेल भेज दिया।

# स्कॉटलैंड में लापता भारतीय छात्रा का नदी से मिला शव, 6 दिसंबर को देखी गई थी अंतिम बार

**लंदन ।** स्कॉटलैंड में 22 वर्षीय भारतीय छात्रा संत्रा साजू का शव नदी से बरामद किया गया है। वह इस महीने के शुरूआत से लापता थीं। उसके परिवार को शव मिलने की जानकारी दे दी गई है। हालांकि, शव की औपचारिक पहचान की प्रक्रिया अभी बाकी है।

### परिवार को दी जानकारी

भारत के केरल राज्य की संत्रा साजू एडिनबर्ग स्थित हेरियट-वाट विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रही थीं। स्कॉटलैंड पुलिस का कहना है कि इस साल 27 दिसंबर को न्यूब्रिज गांव के पास एक नदी से शव मिलने की सूचना मिली थी। फिलहाल शव की औपचारिक पहचान नहीं हुई है। मगर, संत्रा साजू के परिवार को जानकारी दे दी हई है।

### प्रोक्यूरेटर फिस्कल को भेजी जाएगी रिपोर्ट

उन्होंने आगे बताया कि मृत्यु के पीछे कुछ संदिग्ध नहीं दिखाई दे रहा है। एक रिपोर्ट स्कॉटलैंड की अभियोजन सेवा और मृत्यु जांच निकाय प्रोक्यूरेटर फिस्कल को भेजी जाएगी।

साजू को आखिरी बार छह दिसंबर की शाम को लिविंगस्टन के अल्मोंडवेल में एक एस्डा सुपरमार्केट स्टोर में सीसीटीवी में देखा गया था। पुलिस ने उनकी तलाश के लिए तुरंत एक अभियान शुरू किया और उनकी पहचान साझा की थी। अधिकारी ने बताया था कि साजू की लंबाई करीब पांच फीट छह इंच है, वह भारतीय मूल की है, दुबली-पतली और उनके छोटे काले बाल हैं। उसने फर-लाइन वाले हुड के साथ एक काली जैकेट, बेज रंग के फरी इयरमफ और एक काला फेसमास्क पहना हुआ था।




### परिवार ने गायब होना बताया था अजीब

पुलिस ने बताया था कि संत्रा के पास छह दिसंबर को एक काले और सफेद रंग का बैग भी था, लेकिन सुपरमार्केट में जाते समय उस बैग के बिना थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा की और सार्वजनिक रूप से संत्रा की तस्वीरें जारी की थीं, ताकि कोई उन्हें पहचान सके। संत्रा के परिवार और दोस्तों ने उनके अचानक लापता होने को अजीब बताया था और उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी।

# एलन मस्क ने अमेरिका में एच-1बी वीजा कार्यक्रम पर फिर उठाए सवाल

**नई दिल्ली ।** एच-1 बी वीजा कार्यक्रम पर अरबपति टेक दिग्गज एलन मस्क ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली अव्यवस्थित है। इसमें बड़े सुधार की जरूरत है। एलन मस्क और भारतीय मूल के राजनेता विवेक रामास्वामी लगातार एच-1बी वीजा का समर्थन कर रहे हैं। इसे लेकर दोनों नेता नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों से भी भिड़ चुके हैं।



एक्स पर पोस्ट में एलन मस्क ने कहा कि एच-1 बी वीजा प्रणाली अव्यवस्थित है और इसमें बड़े सुधार की जरूरत है। एक एक्स यूजर ने लिखा था कि अमेरिका को विश्व की सर्वाधिक विशिष्ट प्रतिभाओं के लिए गंतव्य बनना चाहिए, मगर एच-1 बी वीजा कार्यक्रम इसका सही तरीका नहीं है। इसके जवाब में मस्क ने लिखा कि न्यूनतम वेतन में उल्लेखनीय वृद्धि करके और वार्षिक जरूरी लागत जोड़कर एच-1 बी वीजा को ठीक किया जा सकता है। जिससे घरेलू स्तर की तुलना में विदेशों से भर्ती करना अधिक महंगा हो जाएगा।

पिछले सप्ताह मस्क ने कहा था कि अमेरिका में काफी कम उच्च प्रशिक्षित कर्मचारी होते हैं और अगर अमेरिका को आगे भी तरक्की करते रहना है तो विदेशों से कुशल कर्मचारियों को लाना बेहद जरूरी है। मस्क के समर्थन में भारतीय मूल के राजनेता विवेक रामास्वामी ने कहा था कि अमेरिका की संस्कृति लंबे समय से उत्कृष्टता को छोड़कर सिर्फ औसत दर्जे को महत्व देती है।

# दक्षिण कोरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति येओल पर शिकंजा

## मार्शल लॉ मसले में हिरासत में लेने की तैयारी

**नई दिल्ली ।** दक्षिण कोरियाई अधिकारियों ने अपदस्थ राष्ट्रपति यून सुक येओल पर शिकंजा और कसने की तैयारी शुरू कर दी है। अधिकारियों ने मार्शल लॉ जांच के तहत महाभियोग लगाए गए राष्ट्रपति यून सुक येओल को हिरासत में लेने के लिए वारंट मांगने की तैयारी शुरू कर दी है।

इससे पहले दक्षिण कोरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति के खिलाफ संवैधानिक अदालत ने भी कार्रवाई तेज कर दी है। मामले पर अदालत ने कई सुनवाइयां कर ली हैं। इस बीच कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने अल्पकालिक मार्शल लॉ डिक्री पर पूछताछ के लिए येओल पर दबाव बनाना भी शुरू कर दिया है।




### 180 दिन के अंदर इस बारे में फैसला लेना है

कोर्ट को 180 दिन के अंदर इस बारे में फैसला लेना है कि यून को औपचारिक रूप से पद से हटाया जाए या नहीं। आसान शब्दों में संवैधानिक न्यायालय के पास यह तय करने के लिए 180 दिनों का समय है कि यून को राष्ट्रपति पद से हटाया जाए या उनकी शक्तियां बहाल की जाएं। यदि उन्हें पद से हटा दिया जाता है, तो उनके उत्तराधिकारी को चुनने के लिए 60 दिनों के भीतर राष्ट्रीय चुनाव कराना होगा। ऐसे में जांच अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या यून द्वारा सत्ता हथियाने की गलत कोशिश विद्रोह के समान थी कार्यवाहक राष्ट्रपति हान के खिलाफ भी महाभियोग प्रस्ताव पारित इस बीच दक्षिण कोरिया की संसद में कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू के खिलाफ भी महाभियोग का प्रस्ताव पारित हुआ है। पूर्व राष्ट्रपति यून सूक योल की ओर से लगाए गए मार्शल लॉ समर्थन करने और योल के खिलाफ जांच को मंजूरी न देने पर विपक्षी दल ने संसद में यह प्रस्ताव पारित किया था। दक्षिण कोरिया की नेशनल असेंबली के स्पीकर वू वोन-शिक ने कहा था कि प्रधानमंत्री हान डक-सू के महाभियोग प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। 192 सांसदों में से 192 ने महाभियोग के पक्ष में मतदान किया।

दक्षिण कोरिया में तीन दिसंबर की रात इमरजेंसी यानी मार्शल लॉ लगाने का एलान किया गया था। इसके विरोध में देशभर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे। विरोध के चलते आखिरकार महज कुछ घंटों के भीतर ही राष्ट्रपति को मार्शल लॉ समाप्त करना पड़ा था। इसे लेकर यून सुक येओल के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव पारित किया गया था। इसके बाद उनको पद से हटा दिया गया था।

# जेलेंस्की ने की कनाडा के पीएम से बात युद्ध में समर्थन के लिए किया शुक्रिया

**कीव ।** दो साल से ज्यादा समय से चल रहे रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में आय दिन कोई ना कोई नया मोड़ आ जाता है। इसी बीच यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से बात की। जहां उन्होंने ट्रूडो से यूक्रेन के लिए हथियारों के उत्पादन में मदद करने के लिए धन बढ़ाने और स्थानीय स्तर पर हथियारों के निर्माण के अवसर तलाशने का आग्रह किया। जेलेंस्की ने यह भी कहा कि यूक्रेन के मजबूत रुख और स्थायी शांति के लिए सहयोगियों के साथ समन्वय महत्वपूर्ण है।



### जेलेंस्की ने ट्रूडो का किया शुक्रिया

यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन को वायु रक्षा प्रणाली ठअरअटर जैसी रक्षा सहायता देने के लिए कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो का धन्यवाद किया। इसके साथ ही उन्होंने रूस के खिलाफ प्रतिबंधों को और सख्त करने पर भी चर्चा की, खासकर रूस के प्रचार नेटवर्क और छाया बेड़े को निशाना बनाने की बात की।

बता दें कि यह जेलेंस्की का ऋ7 देशों से दूसरा संपर्क था। इससे पहले 23 दिसंबर को उन्होंने यू.के. से भी बात की थी, जहां उन्होंने यू.के. से रक्षा उत्पादन में निवेश करने और रूस के छाया टैंकर बेड़े पर प्रतिबंधों को और सख्त करने की मांग की थी।

### नाटो और यूरोपीय संघ के साथ बैठक

दिसंबर में, जेलेंस्की ने नाटो और यूरोपीय संघ के देशों के साथ कई बैठकें की थीं, जिसमें उन्होंने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन से यूक्रेन के यूरोपीय संघ में शामिल होने की प्रक्रिया, रूस की जमी हुई संपत्तियों का उपयोग करने और यूक्रेन की वायु रक्षा को मजबूत करने पर चर्चा की थी।

# सीरिया : कथित 'असद मिलिशिया' के 300 सदस्य गिरफ्तार

**दमिश्क।** सीरिया के नए अंतरिम प्रशासन ने 'असद मिलिशिया के बचे हुए हिस्से' पर कार्रवाई करते हुए 300 लोगों को हिरासत में लिया है। यह जानकारी सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने दी।



सरकारी समाचार एजेंसी सना ने पुष्टि की कि अंतरिम अधिकारियों ने शनिवार को तटीय प्रांत लताकिया में और गुरुवार को हामा में 'असद के मिलिशिया' के कई संदिग्धों को पकड़ा। सना ने 'बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद' जब्त किए जाने की भी सूचना दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, नए प्रशासन के तहत सुरक्षा बलों ने गुरुवार को दमिश्क, लताकिया, टारटस और होम्स के आसपास पूर्ववर्ती अधिकारियों से जुड़े व्यक्तियों को निशाना बनाकर व्यापक अभियान चलाया।

# जो बाइडन को राष्ट्रपति पद की दौड़ से हटने का पछतावा : रिपोर्ट

**वॉशिंगटन ।** डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में चुना गया है। वह 20 जनवरी 2025 को अपना पद संभालेंगे। इस बीच, एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हाल ही में हुए राष्ट्रपति के चुनाव में जो बाइडन रिपब्लिकन नेता ट्रंप को हरा सकते थे। बाइडन को अभी भी 2024 की राष्ट्रपति पद की दौड़ से हटने का पछतावा है।

बाइडन ने गर्मियों में, पहली बहस में खराब प्रदर्शन और कम अनुमोदन रेटिंग के बाद 21 जुलाई को अपने अभियान से हटने का ऐलान किया था, क्योंकि डेमोक्रेट्स के बीच दौड़ से उनके हटने की मांग तेज हो गई थी। उन्होंने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को समर्थन देने में भी देरी की, जिससे हैरिस को ट्रंप के खिलाफ लड़ाई के लिए सिर्फ तीन महीने का समय मिला। हैरिस अंततः 2.2 मिलियन वोटों से हार गईं।

सूत्रों ने वाशिंगटन पोस्ट को बताया कि बाइडन ने हाल ही में विश्वास व्यक्त किया था कि उनके अभियान में आने वाली चुनौतियों के बावजूद, वह नवंबर में ट्रंप को हरा सकते थे।



**बाइडन ने निजी तौर पर कहा है कि उनके न्याय विभाग ने उनके बेटे हंटर बाइडन के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की और उन्हें दोषी पाया**

राष्ट्रपति बाइडन ने उपराष्ट्रपति हैरिस को अपनी वापसी के लिए जिम्मेदार ठहराने से इनकार किया है। आउटलेट की रिपोर्ट के अनुसार, बाइडन ने अपने सलाहकारों के सामने स्वीकार किया है कि उन्होंने कुछ गलत फैसले लिए, जैसे कि मेरिक गारलैंड को अटॉर्नी जनरल के रूप में चुनना।

### ट्रंप के खिलाफ आरोप लगाने में धीमे रहे गारलैंड

लेकिन गारलैंड 6 जनवरी के बाद ट्रंप के खिलाफ आरोप लगाने में काफी धीमे रहे।

### वादे से मुकर बेटे हंटर को किया माफ

राष्ट्रपति बाइडन ने पिछले महीने अपने बेटे हंटर को माफ कर दिया, जबकि उन्होंने पहले घोषणा की थी कि वह ऐसा करने के लिए अपने राष्ट्रपति पद के अधिकार का इस्तेमाल नहीं करेंगे।

# महाकवि कृष्ण मित्र की याद में सरला नारायण ट्रस्ट ने किया विराट कवि सम्मेलन का आयोजन









**सिकंद्राराऊ, करंट क्राइम।** सरला नारायण ट्रस्ट का डा. विष्णु सक्सेना गीत सम्मान एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन रविवार शाम 7 बजे हुमेरा मैरिज होम सिकंद्राराऊ में संपन्न हुआ। कार्यक्रम वीर रस के प्रख्यात कवि कृष्णमित्र को समर्पित किया गया। ट्रस्ट के सचिव चित्रांश सक्सेना और प्रवक्ता सारांश सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम ज्योतिषचार्य गुरु पूर्णत्तम महाराज का पावन सानिध्य, मुख्य अतिथि राज बहादुर सिंह उपजिलाधिकारी तथा श्याम कोंटल प्रधानाचार्य ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। महाकवि कृष्ण मित्र के सुपुत्र हिमांशु लव को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

डा. विष्णु सक्सेना गीत सम्मान अर्जुन सिंह चांद को, कौपल युवा सम्मान बाराबंकी के अमन सोनी तथा शिक्षक सम्मान ऊषा रानी और सुमन मल्होत्रा को दिया गया। कार्यक्रम के इस भाग का संचालन किया सारांश सक्सेना ने।

दूसरे भाग में विराट कवि सम्मेलन हुआ जिसमें सुरेन्द्र शर्मा ने शानदार काव्य पाठ किया। परिवार पर कविता सुनाकर सबको सोचने पर मजबूर कर दिया।

शबीना अदीब ने जब अपनी मशहूर गजल सुनाई तो सब वाह वाह कर उठे।

***जो खानदानी रईस हैं वो मिजाज रखते हैं नर्म अपना / तुम्हारा लहजा बता रहा है तुम्हारी दौलत नई नई है।***

अर्जुन सिंह चांद ने सुनाया -

***लश्कर भी तुम्हारा है सरदार तुम्हारा है / तुम झूठ को सच लिख दो अखबार तुम्हारा है।***

अमन सोनी, वरुण आनंद, देवेंद्र दीक्षित शूल ने भी रचना पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन सर्वेश अस्थाना ने किया ।

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने किया ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी निरीक्षण के उपरांत संतोषजनक दिखाई दिए। इस दौरान डीएम ने सभी कैमरे एवं कमरे चैक किए, जिसके उपरान्त उन्होंने संबंधित व्यक्ति को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

निरीक्षण के दौरान एसीओ विवेक सिंह एवं राजनीतिक पार्टियों में ताहिर हुसैन सपा, सुभाष चन्द्र शर्मा बीजेपी, राजेन्द्र शर्मा कांग्रेस, मनोज कुमार बसपा, नवीन कुमार बसपा सहित अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

## बधाई



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एसडीएम मुरादाबाद विनय कुमार सिंह ने पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह को मिजोरम राज्य का राज्यपाल बनाए जाने पर उन्हें बधाई दी। एसडीएम मुरादाबाद विनय कुमार सिंह गाजियाबाद में भी एसडीएम पद पर तैनात रहे हैं। विनय कुमार सिंह ने जनरल वीके सिंह से हुई इस मुलाकात को फेसबुक पर साझा किया।

# यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने कार्यकर्ताओं संग की बैठक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने आरडीसी स्थित एक रेस्टोरेंट में गाजियाबाद के प्रमुख हिंदूवादी कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की। बैठक में महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज की सुरक्षा को लेकर संत समाज और हिंदू समाज के साथ चर्चा की गई।

बैठक में गाजियाबाद पुलिस के उस निर्णय पर चिंता जताई गई जिसमें पुलिस ने महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज को सुरक्षा देने की आवश्यकता को नकार दिया है। यह निर्णय गाजियाबाद पुलिस ने एक पत्र के माध्यम से महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज को बताई। बैठक में तय किया गया कि जल्द से जल्द यति संन्यासी और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता इस मामले को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करेंगे परंतु प्रयागराज महाकुंभ की समाप्ति तक के लिए इस प्रस्ताव को स्थगित कर दिया।

प्रयागराज महाकुंभ के रूप में हमारे पास एक स्वर्णिम अवसर है जहां से हम अपनी आवाज सम्पूर्ण विश्व में पहुंचा सकते हैं। प्रयागराज महाकुंभ में विश्व धर्म संसद का सफल आयोजन करके हम सम्पूर्ण विश्व और मानवता को संदेश दे सकते हैं। बैठक में सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि हनुमान मंदिर तोड़ने की घटना बहुत दुखद है और यह सनातन धर्म पर सीधा हमला है।

बैठक में यति अभयानंद, हिंदूवादी वरिष्ठ विचारक विनोद सर्वोदय, शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश आहूजा, अनिल यादव, अक्षय त्यागी, मुकेश त्यागी, धीरज फौजी, वेद नागर, मोहित बजरंगी, सनोज शास्त्री तथा अन्य वरिष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# जनता के लिए मेरे घर के दरवाजे 24 घंटे खुले हैं : विधायक संजीव शर्मा

## उत्सव भवन गाजियाबाद में प्रभु संकीर्तन कार्यक्रम संपन्न





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्सव भवन गाजियाबाद में रविवार को प्रभु संकीर्तन का कार्यक्रम सारस्वत समाज गाजियाबाद के शिवकुमार शर्मा, वीरेंद्र सारस्वत अध्यक्ष सहकारी क्रय विक्रय समिति गाजियाबाद के तत्वावधान में संपन्न किया गया, जिसमें 500 से ज्यादा श्रद्धालु उपस्थित हुए।

मुख्य अतिथि के रूप में संजीव शर्मा विधायक शहर गाजियाबाद उपस्थित हुए। संकीर्तन के पश्चात सभी को प्रसाद वितरित किया गया। नोएडा से आए गुरुदेव सारस्वत ने गरीब महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित की और कहा कि आगामी वर्ष में विधायक संजीव शर्मा के माध्यम से 10 से 15 कुशल योग्य नौजवानों को उनकी आईटी कंपनी में नौकरी प्रदान की जाएगी। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि मुझे जनता ने जिस कार्य के लिए चुना है मैं उसके लिए सदैव उपलब्ध रहूंगा। मेरा निवास भी विजयनगर में ही है। किसी भी तरह की परेशानी हो वह मेरे यहां कभी भी आ सकते हैं। जनता के लिए मेरे घर के दरवाजे 24 घंटे खुले हैं। इस मौके पर विधायक संजीव शर्मा को वीरेंद्र सारस्वत एवं शिवकुमार शर्मा एवं अमित सारस्वत जीवन विहार निवासी पूर्व अध्यक्ष आरडब्ल्यूए ने कृष्ण एवं राधा जी की मूर्ति द्वारकाधीश मंदिर मथुरा से लाकर भेंट की।

इस अवसर पर विधायक ने सारस्वत समाज के वरिष्ठ समाजसेवी राम गोपाल, चंद्रशेखर एवं राधेश्याम सरस्वती को शॉल पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर पर चेतन सारस्वत, कौशल किशोर सारस्वत, प्रेम देव सारस्वत, हेमंत सारस्वत, क्रियांशु सारस्वत, राजकुमार सारस्वत, देवी शरण सारस्वत, मनोज कुमार सारस्वत एडवोकेट, दीपक सारस्वत, नरेंद्र देव सारस्वत, अरविंद सारस्वत एवं अन्य सारस्वत बंधु परिवार सहित उपस्थित थे।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में हुआ प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में प्रसिद्ध अंसा आर्किटेक्चर एंड इंटिरियर्स कंपनी द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में एम.आर्क. एम.यू.आर.पी., बी.आर्क., बी.टेक. (सिविल) डिप्लोमा इंजीनियरिंग (सिविल) के विद्यार्थियों ने भाग लिया। ड्राइव का आरंभ कंपनी प्रोफाईल अथवा जॉब डिस्क्रिप्शन के बारे में कंपनी के अधिकारियों द्वारा बताकर किया गया! इस ड्राइव में पर्सनल इंटरव्यू के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन कंपनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुन्दर दीप ग्रुप के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुंदरदीप समूह, अखिल अग्रवाल, एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसेंनजीत कुमार, प्रो. वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से.नि.), रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन, अमित भारद्वाज, निदेशक (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट), प्रिंसिपल (पॉलिटेक्निक) निखिल निगम, अंजलि कावत्रा (निदेशक) आर्किटेक्चर, प्रो. (डॉ.) हरीश तलूजा, निदेशक इंजिनियरिंग तथा सभी कॉलेजों के निदेशक, विभागाध्यक्ष, और फैकल्टी सदस्यों द्वारा चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा ने राजेश बंसल को किया राष्ट्रीय सचिव मनोनीत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा ने सोमवार को संगठन विस्तार करके प्रसिद्ध व्यापारी नेता राजेश बंसल को राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया। राजेश बंसल एक भट्टा व्यापारी हैं और स्कूल भी चलाते हैं। इनके साथ ही डॉ. सतीश भारद्वाज एडवोकेट को राष्ट्रीय संगठन मंत्री नियुक्त किया गया।

नियुक्ति पत्र संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र चौहान ने दिया। राष्ट्रीय प्रवक्ता इंद्रजीत सिंह टीटू, राष्ट्रीय महासचिव विजय कौशिक, प्रदेश अध्यक्ष कार्यकर्ता सहायता प्रकोष्ठ अनिल चौधरी, प्रदेश संयोजक संजीव अरोड़ा ,राष्ट्रीय सचिव शिवकुमार शर्मा, युवा अध्यक्ष दिनेश शर्मा चिंटू, नौसाद प्रिंस संगठन सलाहकार, विनीत गौड़, कानूनी सलाहकार ने राजेश बंसल एवं डा. सतीश भारद्वाज एडवोकेट को पटका एवं माला पहनकर शुभकामनाएं दीं।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भले ही कहने वाले कह रहे हों कि मंडल अध्यक्ष की पैरोकारी में इन्ट्रस्ट ले रहा है भगवा कमांडर का फेस? मगर हमारी जानकारी में ये है गलत केस? कहने वाले ने कहा कि गर्ग साहब ने दिया है कमांडर को ये संदेश? आपको भी बनाकर चलना है इस मामले में मेरी तरफ फेस? हम दोनों को नहीं देनी है इस मामले में दखल? बाकी जनप्रतिनिधियों को करने दो इस मैटर में डिसाईड? तभी ये मामला रहेगा तुम्हारे और मेरे लिये नाईस?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा पहलवान कर रहे हैं इस वक्त पूरी ताकत से महानगर वाले मामले में फोकस? मगर वो ये भी चाहते हैं कि बिरादरी के ब्रदरों का भी बना रहे मंडल वाली टीम में फोकस? सुना है पोएट वाली सिटी के लिए वो बिरादरी वाले मास्टर का प्रपोजल लेकर गये थे अपने साथ? वहीं दूसरे विधायक जी के यहां पर जाकर रखी थी उन्होंने अपने पक्ष में बात? कहने वाले ने कहा बहुत कम दिखाई देते हैं ऐसे नेता? जो इतनी शिद्दत से लेकर चलते हैं अपनी बिरादरी वालों को अपने साथ?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भले ही भगवा कमांडर मंडल कमांडर वाले मैटर में नहीं कर रहें हों कोई दखल? मगर कहने वाले कहां बाज आते हैं यार? चर्चा यही है कि अगर मामला ठाकुर फैक्टर पर बना, तो वो लाना चाहेंगे चमन की बहार? हालांकि उन्होंने इस तरह के प्रकट नहीं किये हैं विचार? मगर दिल की बात बाहर लोगों की जुबान पर आ रही है? अब आप ही बताओ इन बातों को हम क्या करें यार?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा कमिश्नरी वाले मैटर को लेकर इस वक्त पार्टी में चल रही है अंदरखाने बहुत ही ज्यादा फाईट? सुना है एक वैश्य चेहरे के नाम पर एक विधायक जी हो गये हैं बहुत ही ज्यादा टाईट? उन्होंने दे दिया है अपने लोगों में स्पष्ट ये संदेश? कह दिया है हम उस दिन जनप्रतिनिधि वाले गुट से तोड देंगे नाता? जिस दिन नया कमांडर बनेगा ये फेस? सुना है विधायक जी के प्रबल वीटों की वजह से अटका हुआ है संगठन की जिम्मेदारी संभाल रहे एक वैश्य नेता का केस?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अभी तो भगवा कमिश्नरी के मैटर में और भी कई मोड आने हैं यार? सुना है मार्किट में कभी भी एक ऑडियो वॉयरल हो सकती है यार? सुना है दो विधायकों से नाराजगी पर किसी अंजान चेहरे से ये दावेदार बीप...बीप... वाले शब्दों में कर रहा है बात? ये ऑडियो ही बिगाड़ेगी इस दावेदार की अब दावेदारी के हालात?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मंडल अध्यक्ष वाली जद्दोजहद में कोई चेहरा कुछ कांटों वाले बीच बो देगा? कहने वाले ने कहा अगर बात नहीं बनी, तो एक सच्चा दोस्त अच्छे दोस्त को खो देगा? सुना है सच्चे दोस्त के दिल में चुभा हुआ है बहुत ही गहरा तीर? बस उसकी खामोशी है इस वक्त संबंधों की रीड़? अभी वो भले ही खामोश हैं, मगर समय आने पर निकलेंगे उसकी जुबान से तीर?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक बात हुई है बड़ी मजेदार कहीं से जारी? पता चला है गागर में सागर भरने वाले नहीं कर रहे हैं किसी खास वजह से अध्यक्ष वाली दावेदारी? उन्होंने अपने खास चेहरों में दिया है संदेश? कहा है अगर मैं दावेदारी करूंगा तो इस वजह से पार्टी सीरियस लेने लगेगी मेरी ही बिरादरी के हट्टे कटटे दावेदार का फेस? इसलिए लगा लिया है मैंने अपनी जुबान पर ताला? क्योंकि ताला लगा डाला तो उसका मामला नहीं होगा झिंगा लाला?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के युग में अंकों का गणित साधने वाला युवा यादव चेहरा इस वक्त एक ठाकुर दावेदार के खिलाफ उगल रहा है फायर? वो दे रहा है संदेश कि जिसको हो रही है भगवा कमिश्नर बनाने की तैयारी? उसने चुनाव में बिगाड़ा था मेरा केस? अगर उसका मामला चढ़ा परवान, तो मैं हद से गुजर जाऊंगा? जो किसी ने सोचा नही होगा, मैं कुछ ऐसा कर जाऊंगा?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आजकल हमारी पड़ रही है नदिया पार के तमाम कार्यक्रमों पर नजर? हम देख रहे हैं भगवा कमांडर अब लाईनपार से नजर नहीं आ रहे हैं उधर? बनाकर चल रहे हैं वो नदिया पार के तमाम कार्यक्रमों से दूरी? सुना है उनकी इस मामले में हैवीवेट वालों से हो गई है म्यूचल अंडरस्टेंडिंग? इसलिए अब वो इधर से उधर जाना नहीं समझ रहे हैं जरूरी?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बृज वाले एरिया में 45+ वालों ने डाल दिये हैं हथियार? उन्हें मिल गया है इस बात का परम ज्ञान? पार्टी भगवा कमिशनर वाली दावेदारी में नहीं दे रही है अब 45+ पर ध्यान? इसी वजह से मिस्टर झा, मिस्टर त्यागी, मिस्टर मनोज, मिस्टर भूपेश ने कमान से उतार दिया है अपना तीर? दे रहे हैं ये संदेश, जब कुछ होना ही नहीं है तो क्यों पालें ये पराई वाली पीर? अब हम राजनीति के किसी और मोड पर तलाशेंगे अपनी तकदीर?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आस्था श्रद्धा भक्ति का संदेश अशोक भाटी ने अपनी पोस्ट से दिया। उन्होंने हिमाचल में माता चिंतपूर्णी मां के मंदिर में पूजा अर्चना की। इस पल को फेसबुक पर साझा किया और यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।